


सांध्य दैनिक
# श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

**आवश्यकता है**
ऑफिस के लिए चाय-नाश्ता, खाना बनाने एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून की आवश्यकता है।
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 7869620239

वर्ष- 15 अंक - 71 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 24 दिसंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### चीन ने फिर की ताइवान में घुसपैठ, रक्षा मंत्रालय का दावा-आठ चीनी फाइटर जेट्स सीमा में घुसे

**ताइपे ( एजेंसी )।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि चीन के विमानों ने उनके हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की। ताइवान के रक्षा मंत्रालय का ये भी कहना है कि चीन के विमानों के साथ ही चीनी गुब्बारा भी ताइवान के हवाई क्षेत्र में दाखिल हुआ। बता दें कि चीन और ताइवान के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, वहीं ताइवान खुद को चीन का हिस्सा नहीं मानता है और खुद को स्वतंत्र राष्ट्र मानता है। ताइवान को अमेरिका का समर्थन प्राप्त है।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन के जे-10, जे-11 फाइटर जेट्स ने स्ट्रेट ऑफ मीडियन लाइन को पार किया। बता दें कि स्ट्रेट ऑफ मीडियन लाइन को दोनों देशों के बीच की अनाधिकारिक जलसीमा है। हालांकि बीते कुछ समय से चीन के विमान और सर्विलांस जहाज लगातार इस सीमा का उल्लंघन कर रहे हैं। सीमा उल्लंघन की जानकारी होने पर ताइवान ने अपनी सेना भी स्थिति की समीक्षा के लिए मौके पर भेजी। ताइवान के रक्षा मंत्रालय का दावा है कि चीन के एक गुब्बारे ने भी ताइवान की सीमा में प्रवेश किया। गुब्बारे ने शनिवार की सुबह ताइवान के हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की और यह ताइवान के तटीय शहर कीलुंग तक पहुंच गया था।

बता दें कि ऐसा ही एक गुब्बारा कुछ समय पहले अमेरिका में देखा गया था। अमेरिका ने दावा किया था कि यह जासूसी गुब्बारा था और अमेरिका ने गुब्बारे को निशाना बनाकर गिरा दिया था। इससे पहले अप्रैल में भी चीन के फाइटर जेट्स ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की थी। गौरतलब है कि ताइवान में अगले साल जनवरी में आम चुनाव होने हैं। इन चुनावों पर अमेरिका और चीन के गहरे रणनीतिक हित जुड़े हैं। यही वजह है कि ताइवान का चुनाव अमेरिका बनाम चीन हो गया है और पूरी दुनिया की नजरें इन चुनावों पर लगी है।

### पीएम के दौरे को लेकर सख्त होगी सुरक्षा, बाहरियों के अयोध्या प्रवेश पर रहेगी रोक

**अयोध्या ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 दिसंबर के दौरे को लेकर अयोध्या पुलिस ने सुरक्षा को लेकर पुख्ता तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत स्थानीय निवासियों का सत्यापन किया जा रहा है। सभी को निर्देश दिया है कि किसी के घर कोई बाहरी रिश्तेदार आता है तो इसकी सूचना पुलिस को देनी होगी। प्रधानमंत्री के रोड शो वाले मार्ग पर सड़क की दोनों पटरियों पर रहने वाले व रेलवे स्टेशन के आसपास स्थित घर व दुकान मालिकों को पुलिस ने नोटिस जारी किया है। इसमें उनके परिवार के सदस्यों की संख्या, आगंतुक, रिश्तेदार, नौकर व किरायेदारों के बारे में जानकारी मांगी है। इसके लिए पुलिस ने मोबाइल नंबर भी जारी किया है।

# पहलवानों के विरोध के बाद कुश्ती संघ निलंबित, बृजभूषण के करीबी नए अध्यक्ष संजय सिंह के फैसले भी रद्द

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय खेल मंत्रालय ने कुश्ती संघ को लेकर रविवार को बड़ा फैसला लिया है। खेल मंत्रालय ने नवनियुक्त भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर दिया है। चुनाव के बाद पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के करीबी संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के बाद पहलवानों के विरोध को देखते हुए खेल मंत्रालय ने यह फैसला लिया। यही नहीं खेल मंत्रालय ने नवनियुक्त अध्यक्ष संजय सिंह द्वारा लिए गए सभी फैसलों को भी निरस्त कर दिया है।

बता दें भारतीय कुश्ती संघ के हाल ही में चुनाव संपन्न हुए थे, जिसमें बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह को जीत मिली और पहलवान अनीता श्योराण को हार मिली थी। संजय सिंह की जीत के बाद पहलवानों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। महिला पहलवान साक्षी मलिक ने



कुश्ती से संन्यास ले लिया और पहलवाल बजरंग पुनिया ने भी पद्मश्री लौटाने की घोषणा कर दी। लगातार विरोध के बाद खेल मंत्रालय ने इसमें दखल दी और कुश्ती संघ को निलंबित करते हुए नए अध्यक्ष संजय सिंह द्वारा लिए गए सभी फैसलों पर भी रोक लगा दी है। साथ ही अगले आदेश तक सभी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है।

### सरकार ने सही फैसला किया, सम्मान वापस लेंगे बजरंग पुनिया

खेल मंत्रालय के निर्णय का स्वागत पहलवान बजरंग पूनिया ने किया। उन्होंने चुनाव के बाद अध्यक्ष बने संजय सिंह के खिलाफ बड़ा फैसला लिया था और अपना पद्म श्री अवॉर्ड वापस कर दिया था। कुश्ती संघ के निलंबन के बाद बजरंग ने कहा कि वह सम्मान वापस ग्रहण करेंगे। बजरंग ने कहा, यह सही निर्णय लिया गया है। जो हमारी बहन-बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है उसके खिलाफ संबंधित लोगों को पूरी तरह से हटाया जाना चाहिए। हमारे ऊपर कई इल्जाम लगाए गए। राजनीति की गई। जब हम पदक जीतते हैं तो देश के होते हैं। हम खिलाड़ी कभी भी जात-पात नहीं देखते। एक साथ एक थाली में खाते हैं।

### संजय सिंह ने कहा, नो कमेंट

भारतीय कुश्ती संघ पर खेल मंत्रालय के एक्शन के बाद संजय सिंह ने कहा कि उन्होंने अभी पूरा आदेश न हीं पढ़ा है, पहले पढ़ेंगे, उसके बाद कुछ कहेंगे। निलंबित भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ने कहा कि मुझे अभी तक लेटर मिला नहीं है, मैं फ्लाइट में था अभी सुनने में आया है कि मेरी एक्टिविटी पर रोक लगाया गया है। अब वो देखते हैं, अभी के लिए नो कमेंट।

# भारत आ रहे तेल टैंकर की निगरानी कर रहा भारतीय तटरक्षक जहाज



### कल हुआ था ड्रोन हमला

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों ने बताया कि जिस तेल टैंकर पर शनिवार को अरब सागर में ड्रोन हमला हुआ था, वह तटरक्षक बल के जहाज की निगरानी में भारत आ रहा है। कोस्ट गार्ड का डोर्नियर मेरीटाइम विमान भी तेल टैंकर की निगरानी कर रहा है। कोस्ट गार्ड के अधिकारियों ने बताया कि तेल टैंकर कल तक मुंबई पहुंच जाएगा और फिलहाल भारतीय जल क्षेत्र में दाखिल हो गया है।

### शनिवार को हुआ था तेल टैंकर पर हमला

बता दें कि शनिवार को जापानी कंपनी का एक तेल टैंकर सऊदी अरब से भारत आ रहा था। इसी दौरान अरब सागर में उस पर ड्रोन हमला हुआ। इस हमले से जहाज पर आग लग गई। हालांकि आग पर काबू पा लिया गया और जहाज पर सवार सभी क्रु मेंबर सुरक्षित हैं। क्रु मेंबर्स में करीब 20 भारतीय भी शामिल हैं। पहले माना जा रहा था कि जहाज पर हमला हूती विद्रोहियों ने किया है चूंकि हाल के समय में अरब सागर और लाल सागर में कई जहाजों को हूती विद्रोहियों ने निशाना बनाया है। अब अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने दावा किया है कि जहाज पर ड्रोन हमला ईरान से किया गया था।

### भारतीय नौसेना ने भी भेजा अपना युद्धक जहाज

हमले की सूचना मिलते ही भारतीय तटरक्षक बल के डोर्नियर विमान ने जहाज की सुरक्षा के लिए उड़ान भरी और विमान द्वारा तभी से ही लगातार जहाज की सर्विलांस की जा रही है। वहीं कोस्ट गार्ड ने अपने जहाज विक्रम को भी तेल टैंकर के पास भेजा है और अब विक्रम जहाज अपनी निगरानी में तेल टैंकर को लेकर भारत आ रहा है। साथ ही भारतीय नौसेना के युद्धक जहाज आईएनएस मोरमुगाओ भी तेल टैंकर एमवी केम प्लूटो के पास पहुंच गया है और तेल टैंकर पर हमले की जानकारी ले रहा है। भारतीय नौसेना जांच कर ही है कि तेल टैंकर पर ड्रोन हमला लंबी दूरी से किया गया था फिर किसी नजदीकी जहाज से। हमले के समय इलाके में घूम रहे अन्य जहाजों की भी जांच की जा रही है।

# भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास, इंग्लैंड के बाद आस्ट्रेलिया को भी चटाई धूल, पहली बार टेस्ट में हराया

**मुंबई ( एजेंसी )।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे एकलौते टेस्ट में जीत हासिल कर ली है। रविवार को मैच के चौथे दिन भारतीय टीम को आस्ट्रेलिया ने 75 रनों का लक्ष्य दिया। भारतीय टीम ने दो विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। स्मृति मंदना ने चौका लगाकर जीत दिलाई वहीं दूसरे छोर पर जेमिमा रोड्रिक्स 11 रन पर नाबाद रही।

इससे पहले आस्ट्रलिया टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी की और उनकी पहली पारी 219 रनों पर सिमट गई। आस्ट्रेलिया के लिए पहली पारी में ताहिला मैक्ग्रा ने 50 और बेथ मूनी ने 40 रन बनाए थे। भारत के लिए पूजा वस्त्राकर ने चार और स्नेह राणा ने तीन विकेट लिए थे। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 406 रन



बनाकर 187 रनों की बढ़त ली। भारत के लिए पहली पारी में दीप्ति शर्मा ने 78, स्मृति मंधाना ने 74, जेमिमा रोड्रिग्स ने 73 और ऋचा घोष ने 52 रन बनाए थे।




# टारगेट किलिंग, आतंकियों ने पुलिस के रिटायर्ड अधिकारी की गोली मारकर हत्या की

**जम्मू ( एजेंसी )।** उत्तरी कश्मीर के बारामुला में आतंकवादियों ने लक्षित हत्या को अंजाम दिया है। जिले में आतंकियों ने एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी मोहम्मद शफी पर गोलीबारी कर उनकी हत्या कर दी। सुरक्षाबलों ने हमले के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी है। आतंकियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, रिटायर्ड पुलिस अधिकारी मस्जिद में अजान पढ़ रहे थे, इसी दौरान उन पर हमला हुआ।

### जम्मू के अखनूर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

जम्मू के सीमावर्ती अखनूर सेक्टर के खौड़ क्षेत्र में शुक्रवार रात को पाकिस्तानी सेना ने पाकिस्तान की नडाला पोस्ट के पास से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करवाने की कोशिश की। इसे भारतीय सेना के मुस्तैद जवानों ने विफल कर दिया है। सेना के अनुसार इस दौरान दो घुसपैठियों को मार गिराया गया। हालांकि, उनके साथी भागते समय शवों को भी घसीट ले गए।



सेना से मिली जानकारी के अनुसार 22 दिसंबर की रात को सेना ने अपने निगरानी उपकरणों के माध्यम से चार घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखी, जो भारतीय क्षेत्र की तरफ बढ़ रहे थे। इस पर सेना की तरफ से पहले चेतावनी दी गई। जब घुसपैठिये नहीं रुके तो भारतीय सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की। सैन्य अधिकारियों ने बताया है कि घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों की संख्या चार से अधिक थी। उनमें से दो को को भारतीय सेना ने मार गिराया, और अन्य वापस भागने में कामयाब रहे। वे भागते के साथ मारे गए दोनों घुसपैठियों के शवों को भी घसीटते हुए ले जाने में कामयाब रहे। सेना के अनुसार घुसपैठियों ने घुसपैठ से पहले भारतीय सेना का ध्यान भटकाने के लिए पाकिस्तान की नडाला पोस्ट के पास सरकंडों में आग लगा दी लेकिन, भारतीय सेना ने पूरी चौकसी से घुसपैठ को नाकाम कर दिया।



## संपादकीय

# हताशा में हमला, पुंछ-राजौरी के जंगल बने आतंकियों का ठिकाना

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में गुरुवार को एक बार फिर आतंकवादियों ने घात लगाकर सुरक्षाकर्मियों पर हमला किया, जिसमें पांच जवान शहीद हो गए। हालांकि आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो इसमें संदेह नहीं कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में कमी आई है, लेकिन यह भी सच है कि ऐसे कई हमले पिछले कुछ अर्से में हुए हैं। यह संविधान के अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद किया गया पहला बड़ा आतंकवादी हमला है। ऐसे में इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि इसके पीछे आतंकियों की हताशा से उपजी यह दर्शाने की भावना हो कि उनका वहां अब भी थोड़ा-बहुत प्रभाव बना हुआ है। अगर यह बात सही है तो हो सकता है आने वाले दिनों में ये बचे-खुचे आतंकी तत्व ऐसी और वारदात को अंजाम देने की कोशिश करें। जाहिर है, सुरक्षाकर्मियों को इस लिहाज से भी अपनी तैयारी रखनी होगी। पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती जिस इलाके में यह आतंकी हमला हुआ है, वह घने जंगलों के लिए जाना जाता है। डेरा की गली और बुफलियाज के बीच के इस इलाके में चामरेर के जंगल हैं और आगे भाटा धुरियन जंगल शुरू हो जाता है। इसी इलाके में इस साल अप्रैल में सेना के वाहनों पर हुए ऐसे ही हमले में पांच जवान शहीद हुए थे। इसके अगले महीने मई में यहीं एक आतंकविरोधी अभियान के दौरान सेना पर हमला हुआ, जिसमें पांच जवानों की जान गई। यही नहीं, अक्टूबर महीने में फिर यहीं आतंकी हमला हुआ, जिसमें नौ जवान शहीद हुए। ये घटनाएं संकेत देती हैं कि जम्मू-कश्मीर के अन्य हिस्सों में सुरक्षा बलों के दबाव और संभवत: स्थानीय आबादी में कम होते समर्थन के कारण आतंकवादी तत्वों ने इस जंगली इलाके को अपना नया ठिकाना बनाया है। घने जंगल के कारण यहां आतंकियों का छिपना आसान है और जवानों का उन्हें ढूंढना खतरनाक। लेकिन जम्मू-कश्मीर के ज्यादातर इलाकों में जिस तरह से शांति-व्यवस्था लौटी है, पर्यटकों की लगातार बढ़ती संख्या रोजगार के मौके जिस तरह से बढ़ा रही है और सीमा पार से घुसपैठ को जिस तरह से रोका गया है, उन्हें देखते हुए यह समझना मुश्किल नहीं कि आतंकवादियों का यह ठिकाना भी ज्यादा समय तक बना नहीं रह सकता। अच्छी बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब अगले साल चुनाव होना भी तय हो चुका है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली आम लोगों को अपनी इच्छा और आकांक्षा व्यक्त करने के बेहतर मौके मुहैया कराएगी जिससे हिंसक और आतंकी तत्वों के अलग-थलग पड़ने की प्रक्रिया और तेज होगी।

> “ ये घटनाएं संकेत देती हैं कि जम्मू-कश्मीर के अन्य हिस्सों में सुरक्षा बलों के दबाव और संभवत: स्थानीय आबादी में कम होते समर्थन के कारण आतंकवादी तत्वों ने इस जंगली इलाके को अपना नया ठिकाना बनाया है।

## खेलों से क्यों खफा मीडिया?

दिन-रात नेताओं, सांसदों और दलगत राजनीति का भोंपू बजाने वाले टीवी चैनल, समाचार पत्रों और सोशल मीडिया को क्रिकेट के अलावा कोई दूसरा खेल और खिलाड़ी क्यों नजर नहीं आतेअपने खिलाड़ियों की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा और उनकी उपलब्धियों का बखान नहीं किया जाएगा, तो क्या हम खेलों में बड़ी ताकत बन पाएंगे?

चूंकि देश को खेल महाशक्ति बनना है इसलिए खिलाड़ियों को ग्रासरूट स्तर से विकसित किया जा रहा है। उन्हें स्कूल स्तर से प्रोत्साहन दिया जा रहा है। सरकारें अपने खजाने से उन पर भरपूर खर्चा कर रही हैं और सफल खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल अवार्ड बांटे जा रहे हैं। लेकिन खेलों को प्रोत्साहन देने के मामले में लोकतंत्र का चौथा स्तंभ लगभग खामोश सा है। ऐसा क्यों है? यह सवाल कभी कभार पूछा तो जाता है परंतु गंभीरता की कमी के कारण कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है।

'जंगल में मोर नाचा किसने देखा', इस कहावत पर भारतीय खेलों के प्रति मीडिया की गंभीरता को परखा जाए तो, सिर्फ क्रिकेट ही ऐसा खेल है, जिस पर मीडिया मेहरबान है। खासकर, 1983 के विश्व कप में मिली खिताबी जीत के बाद से भारतीय मीडिया क्रिकेट का होकर रह गया।जहां तक बाकी खेलों की बात है, मीडिया को अन्य खेलों की याद तब आती है जब कोई खिलाड़ी ओलम्पिक और एशियाड में बड़ा करिश्मा करता है या फिर विश्व स्तर पर रिकॉर्ड तोड़ता है। लेकिन क्रिकेट में टेस्ट, एकदिनी मुकाबलों, रणजी ट्रॉफी और स्थानीय एवं गली-कूचे के आयोजनों पर भारतीय प्रचार माध्यम हमेशा से मेहरबान रहे हैं। दिन-रात नेताओं, सांसदों और दलगत राजनीति का भोंपू बजाने वाले टीवी चैनल, समाचार पत्रों और सोशल मीडिया को क्रिकेट के अलावा कोई दूसरा खेल और खिलाड़ी क्यों नजर नहीं आते? क्यों बाकी खेलों को अखबार के खेल पेज पर चार लाइनों के बराबर जगह नहीं मिल पाती? खासकर, देश की राजधानी के समाचार राष्ट्रीय और स्थानीय खेल आयोजनों को जगह नहीं देते। ऐसा क्यों? क्या ऐसे भारत खेल महाशक्ति बन पाएगा? हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, कुश्ती, तैराकी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन और तमाम खेलों से जुड़ी खबरें राष्ट्रीय समाचार पत्रों से गायब हो रही हैं। चूंकि खेल खबरों को अखबार में जगह नहीं मिल पाती है इसलिए ज्यादातर खेल आयोजक और खेल संघ मीडिया से नाराज है। क्रिकेट के अलावा, यूरोप और लैटिन अमेरिकी फुटबॉल, टेनिस और बास्केटबॉल की खबरें भारतीय मीडिया की पसंद है। अपने खिलाड़ियों की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। क्या ऐसे भारत खेल महाशक्ति बन पाएगा? खिलाड़ियों को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा और उनकी उपलब्धियों का बखान नहीं किया जाएगा, तो क्या हम खेलों में बड़ी ताकत बन पाएंगे?

## आपराधिक कानून की बहस से दूर रहे बेहतरीन वकील

अंग्रेजों के जमाने के बने आपराधिक कानूनों को बदल दिया गया है। आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का विधेयक संसद के दोनों सदनों से पास हो गया है। लेकिन इन तीनों विधेयकों पर भारत के सबसे बेहतरीन वकीलों ने बहस में हिस्सा नहीं लिया। कायदे से सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले देश के सबसे बेहतरीन वकीलों को इसमें हिस्सा लेना चाहिए था। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसे तीन वकील, जो राज्यसभा में हैं वे सभी विपक्ष में हैं और चूंकि संसद के दोनों सदनों में से बिना किसी खास वजह से रिकॉर्ड संख्या में विपक्षी सांसदों को निलंबित किया जा रहा था इसलिए वे इस बहस में शामिल नहीं हुए।

संसद के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को जब राज्यसभा से ये तीनों विधेयक पास हुए तो सभापति जगदीप धनकड़ ने इसका जिक्र किया। जब भाजपा के राज्यसभा सांसद और जाने माने वकील महेश जेठमलानी इन विधेयकों पर बोल रहे थे तभी सभापति ने तीन बड़े वकीलों- पी चिदंबरम, कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी का नाम लिया। उन्होंने कहा कि ये तीनों वकील इन विधेयकों पर नहीं बोले, जिसका उन्हें बहुत अफसोस है। ध्यान रहे चिदंबरम और सिंघवी दोनों कांग्रेस के सांसद हैं, जबकि कपिल सिब्बल समाजवादी पार्टी के समर्थन से निर्दलीय जीते हैं। सोचें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन तीनों विधेयकों के पास होने को ऐतिहासिक बताया है। लेकिन ऐसे ऐतिहासिक विधेयक भी भारत की संसद में विपक्ष की गैरमौजूदगी में और विषय के सबसे बड़े जानकारों की बहस के बगैर पास होते हैं! प्रधानमंत्री हमेशा भारत को मदर ऑफ डेमोक्रेसी कहते हैं।

> “ निधनोपरांत की रस्मों के बाद वे तीनों ड्रॉइंग रूम में सुस्ता रहे थे। अचानक उनमें से सबसे युवा ने सुस्ती दूर करने की गरज से इजरायल और गाजा की चर्चा छेड़ दी। मुझे उम्मीद थी कि वे एकमत से उस जहालत की आलोचना करेंगे, पर बातचीत का शुरुआती वाक्य इजरायल की प्रतिहिंसा को गरिमा प्रदान करने वाला था। उसकी मान्यता थी कि फिलिस्तीनियों को उनके किए की सजा मिल रही है।

# विभाजित विश्व और वे तीन भाई

शशि शेखर

रूस-यूक्रेन, इजरायल और फिलिस्तीन के बीच जारी बारूदी जद्दोजहद ने तमाम सवाल खड़े कर दिए हैं। बरसों की खुशहाल शांति के बावजूद यह दुनिया हिंसक क्यों हो चली है? अब कोई अगला हमला या युद्ध धरती के किसी और हिस्से को लहूलुहान कर सकता है?

जाते हुए 2023 का यह संदेश दुखद है कि संचार साधनों से सिमटी हुई दुनिया अंदर ही अंदर पूरी तरह विभाजित हो चली है। इसका एक उदाहरण मुझे अपने परिवार के तीन नौजवान बच्चों में देखने को मिला। पिछले दिनों वाराणसी में मेरे नजदीकी रिश्तेदार का स्वर्गवास हो गया था। उस दौरान सभी प्रमुख रिश्तेदार वहां मौजूद थे। इनमें तीन मौसेरे भाई ऐसे थे, जो पेशेवर तौर पर अपनी काबिलियत दर्ज करा चुके हैं। कायदे से उन्हें नए भारत के उन दीपों की तरह होना चाहिए, जो अपने रोशन खयालों से दुनिया का अंधेरा दूर करने की कोशिश करते हैं। वहां इसका उल्टा देखने को मिला।

निधनोपरांत की रस्मों के बाद वे तीनों ड्रॉइंग रूम में सुस्ता रहे थे। अचानक उनमें से सबसे युवा ने सुस्ती दूर करने की गरज से इजरायल और गाजा की चर्चा छेड़ दी। मुझे उम्मीद थी कि वे एकमत से उस जहालत की आलोचना करेंगे, पर बातचीत का शुरुआती वाक्य इजरायल की प्रतिहिंसा को गरिमा प्रदान करने वाला था। उसकी मान्यता थी कि फिलिस्तीनियों को उनके किए की सजा मिल रही है। यह सिलसिला जारी रहना चाहिए, ताकि वे कभी न भूलने वाला सबक हासिल कर सकें।

वहां मौजूद सबसे बड़े नौजवान का तर्क था कि इजरायल को आत्मरक्षा का अधिकार तो है, परंतु वह निरपराध



'सिविलियन्स' का खून कैसे बहा सकता है? इससे तो नफरत और बढ़ेगी। वह यूरोप में नौकरी कर चुका है, दुनिया के कई देश घूम चुका है और अपनी कंपनी में मैनेजरी करते हुए भी आंखें खुली रखता है। उसने कहा कि कभी पोलैंड में ऑशविट्ज जाकर देखना, नस्लीय हिंसा कैसे कारनामे कराती है? वहां निरपराध यहूदियों को हिटलर की सेना ने तड़पा-तड़पाकर मारा था। अगर यहूदी जर्मनी के खिलाफनफरत पाले रहते, तो वे आगे नहीं बढ़ पाते। उन्होंने न केवल अपने लिए एक अलग मुल्क का निर्माण किया, बल्कि जर्मनी तक से दोस्ती कर तकनीक और आगे बढ़ने के दरवाजे खोले।

वह यहीं नहीं रुका। उसने कहा, हमें सोचना चाहिए कि हमले के लिए यही वक्त क्यों चुना गया? इसी समय इजरायल अपने धुर-विरोधी सऊदी अरब से सुलह करने जा रहा था। इससे कुछ देश खफा थे। हमला करने वालों की शक्ल और सूरत पर नजर डाल देखो। वायरल वीडियो चीख-चीखकर कहते हैं कि आतंकवादियों में से तमाम अफ्रीकी मुल्कों से आए थे। उनका भला फिलिस्तीन से क्या मतलब? यकीनन, यह हमला इस पनपती नई दोस्ती की जड़ों में मट्ठा डालने के लिए किया गया था। अब लंबे समय तक ये मुल्क एक-दूसरे के करीब नहीं आ पाएंगे।

मंझला नौजवान अब तक चुप बैठा था। वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटा हुआ है। उसने याद दिलाया कि जब-जब भारत और पाकिस्तान ने करीब आने की कोशिश की, तब इसी तरीके के हमले किए गए। कहीं न कहीं तो कुछ लोग, संस्थाएं या सरकारें ऐसी हैं, जो धरती पर एका नहीं चाहतीं, लेकिन सबसे छोटा अपने रुख पर अड़ा हुआ था। उसने चर्चा का रुख इजरायल-गाजा, भारत-पाकिस्तान, कूटनीति और सामाजिक संदर्भों से हटाकर अपने देश के इतिहास की ओर कर दिया।

उसकी नजर में 'वे' लोग और 'उनके' रहनुमा समूची दुनिया की हर समस्या की जड़ हैं। तर्क की एक दिक्कत होती है। उसे किसी खास मकसद के लिए इस्तेमाल किया जाता है। उसमें सामने वाले पर जीत की आकांक्षा पल-प्रतिपल प्रबल होती जाती है। यही वजह है कि कुछ देर बाद 'छोटा' कुतर्कों का सहारा लेने लगता है। इजरायल और फिलिस्तीन से शुरू हुई चर्चा 'हमारे' और 'उनके' बीच आकर अटक गई थी। इसी दौरान बड़े और मंझले ने उससे पूछा कि ऐतिहासिक तथ्यों की ऐसी दुर्गति तुम क्यों कर रहे हो? कहां लिखा है यह सब? उसका मासूम जवाब था- टीवी की बहसों और वाट्सएप के जरिये मैंने यह सब पढ़ा और जाना है। अगर वे गलत हैं, तो मैं क्या करूं?

बाकी दो नौजवान तो इस पर मुस्कराकर रह गए, मगर वहीं ऊंघता हुआ मैं चिंता में पड़ गया। पढ़े-लिखे नौजवान कैसे दिग्भ्रमित हो सकते हैं, इसकी मिसाल घर में मौजूद थी। आप अपने आस-पास के वातावरण पर नजर डालें, तो पाएंगे कि ऐसे बहस-मुबाहिसे आम हो गए हैं। हवाई अड्डों पर, ट्रेन के डिब्बों में, चलती बसों की घरघराहट में, स्कूलों में और कभी-कभी घर की डाइनिंग टेबिल तक पर लोग ऐसी बातें करने लगे हैं, जो कुछ वर्ष पहले तक वर्जित थीं।

ऐसा अकारण नहीं है। झूठ को सच का चमकीला वरक पहनाकर अगर इतिहास जनित कुंठाओं को सहलाने का प्रयास किया जाए, तो वह अनाड़ियों और अर्द्धशिक्षितों को अवश्य आकर्षित करेगा। सोशल मीडिया पर इसीलिए ऐसे लोगों की बाढ़ आ गई है, जो 'हमारे' और 'उनके' का वितंडावाद खड़ा करके अपना व्यवसाय चला रहे हैं। उन्हें सोशल मीडिया से लाखों की आमदनी होती है और एक खास तरह की पहचान भी मिलती है। सार्वजनिक स्थलों पर सहयात्री उनका एहतराम करते हैं। अगर कोई विरोध करे, तो उनके साथ चल रहे लोग वीडियो बनाकर ऐसे पेश करते हैं, जैसे सत्य के मसीहा को प्रताड़ित किया जा रहा है। घृणा ने नया बाजार विकसित कर दिया है और उसे फैलाना व्यापार बन गया है।

इस संबंध में जो कानून बनाए गए हैं, वे भी भोथरे साबित हुए हैं। पिछले पांच सालों में भारत में नफरती बोल के सिलसिले में हजारों केस दर्ज किए गए, लेकिन सजा कितनों को मिली? यहां यह भी सवाल उठता है कि इस जुर्म की सजा कितनी है? भारतीय दंड संहिता की धारा-153ए, 153बी और 295ए के तहत घृणा फैलाने को अपराध माना गया है। आरोप प्रमाणित होने की स्थिति में अधिकतम तीन से पांच साल की कैद और जुर्माने की पेशकश है। यकीनन, यह नाकाफी है। इस मामले में दुनिया के कई मुल्कों ने विधान बनाए हैं, पर वे भी नफरत के कारोबार को रोकने में असफल रहे हैं। नतीजतन, सोशल मीडिया का प्रयोग धड़ल्ले से दंगे और हिंसा भड़काने में किया जा रहा है।


क्या आने वाले वर्ष में हमें इस जानलेवा बला से कुछ निजात मिल सकेगी?

# कश्मीर की तकदीर ऐसे उमर ही संवारेंगे

उमर अहमद गनी, छात्र

सफलता की कुछ कहानियां वाकई बहुत प्रेरणादायी होती हैं। कहने को तो वे किसी एक अदद इंसान के जीवट, संघर्ष-त्याग और उपलब्धियों की दास्तान होती हैं, मगर दर-हकीकत वे एक पूरे खित्ते की उम्मीदों की नुमाइंदगी करने लगती हैं। उमर अहमद गनी का जिंदगीनामा कुछ ऐसा ही है। कश्मीर के जिस जिले से उनका ताल्लुक है, उसका नाम अक्सर दहशतगर्दों की हिमाकतों के लिए सुर्खियों में आता है। ऐसे में, वहां का एक बेहद गरीब नौजवान अगर हिन्दुस्तान के किसी बड़े इम्तिहान में अपनी कामयाबी के परचम लहराता है, तो यह मामूली बात नहीं है। जीना इसी को तो कहते हैं।

दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में एक गांव है जागीगाम। आज से करीब 20 साल पहले इसी गांव के एक मजदूर परिवार में उमर पैदा हुए। गौर कीजिए, उमर की पैदाइश के बाद के अगले डेढ़ दशक तक उस इलाके के क्या हालात थे? कितने मासूम हाथों में किताब-कॉपियों की जगह पत्थर थमा दिए गए थे! मुफलिसी के मारे मासूमों को गुमराह करने के लिए पत्थरबाजी के एवज में पैसे का लोभ दिया जाता था, मगर उमर के खुद्दार माता-पिता ने अपने बच्चों को हमेशा ऐसे प्रलोभनों से दूर रखा। मजदूर पिता की हसरत यही थी कि वह तो न पढ़ सके, मगर उनके बच्चे जरूर पढ़ें। मगर वह दोनों नन्हे बेटों को सेब के मौसम में अपने साथ मजदूरी पर ले जाते, ताकि किताबी ककहरे के साथ-साथ वे असली जिंदगी



का इल्म भी हासिल करते रहें।

पांच लोगों का कुनबा था। सबके भरण-पोषण की खातिर हाड़तोड़ मजदूरी ने उमर के पिता को पचास पार करते ही बुरी तरह थका दिया था। लिहाजा बड़े बेटे ने 12वीं के बाद पिता का बोझ बांटने का फैसला किया। फिर आगे की तालीम के लिए शहर जाना पड़ता और परिवार में उसका खर्च उठाने की कुव्वत भी कहां थी? घर में सबसे छोटा होने के कारण उमर को सबका स्नेह तो मिलता रहा, मगर स्नेह से पेट कहां भरता है? तीसरी जमात से ही गरीबी ने उन्हें भी सेब के बागों में पहुंचा दिया था। सरकारी स्कूल के मास्टर उनसे कभी दरयाफ्त भी नहीं करते कि स्कूल क्यों नहीं आए? क्योंकि इम्तिहान के नतीजे उन्हें इसका मौका ही नहीं देते। दरअसल, उमर की पढ़ाई-लिखाई में शुरू से गहरी दिलचस्पी थी। शाम छह बजे जब वह बाग से घंटों सेब तोड़कर या दरख्तों की 'कैंची' करके लौटते, तो उसके बाद देर रात तक पढ़ते रहते।

इस सिलसिले का सुखद नतीजा भी जमात-दर-जमात सामने आता रहा। चूंकि सबसे बड़ी बहन पढ़ने में काफी अच्छी थीं, तो जब कभी भी उमर को कुछ समझ में नहीं आता, वह हमेशा अपनी बहन से उसे समझ लिया करते। दसवीं तक यही सिलसिला रहा। मजदूरी और पढ़ाई के बीच तालमेल साधते हुए उमर ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा लगभग 80 फीसदी अंकों के साथ पास की। सब बहुत खुश थे। ठीक इसी समय पुलवामा के एक छात्र ने मेडिकल परीक्षा (एनईईटी) में कामयाबी हासिल करके खूब सुर्खियां बटोरी थीं। उमर की आंखों में भी डॉक्टर बनने का सपना आ बसा। लिहाजा, ग्यारहवीं में विज्ञान विषयों का चयन तय ही था।

मगर गांव के सरकारी स्कूल में पढ़े-लिखे उमर के लिए 'नीट' में कामयाबी हासिल करना आसान नहीं था। न तो उनके पास कोई मोबाइल फोन था, जिससे वह कुछ ऑनलाइन दिशा-निर्देश हासिल कर पाते और न ही इस परीक्षा का अनुभव रखने वाले किसी व्यक्ति को वह जानते थे, जो बता पाता कि क्या-क्या पढ़ना होगा और इसके लिए किस तरह की तैयारी दरकार होगी। बेचैनी के इसी आलम में किसी ने उमर को बताया कि पुलवामा में एक संस्थान है, जो इसकी कोचिंग कराता है। उमर ने दो माह तक जीतोड़ मेहनत की। घरों की पुताई करने से लेकर निर्माण स्थलों पर सीमेंट ढोने तक हाथ आए किसी काम को उन्होंने जाने नहीं दिया और करीब 15 हजार रुपये जोड़ लिए। उमर बहुत खुश थे। मगर जब वह पुलवामा पहुंचे, तो संस्थान ने 30 हजार से कम फीस में दाखिला देने से साफ इनकार कर दिया। चार-पांच दिनों तक उमर प्रबंधकों से चिरौरी करते रहे, मगर वे घाघ तिजारती लोग थे, उन्हें उमर की पृष्ठभूमि, उनके सपनों से कोई मतलब न था। आखिरकार कोचिंग का ख्याल छोड़ना पड़ा। मगर कहते हैं, ऊपरवाला जब एक दरवाजा बंद करता है, तो कई खोल भी देता है। मायूसी के उन्हीं दिनों में उमर को पता चला कि गांव के एक संपन्न परिवार के लड़के ने इस परीक्षा की तैयारी की थी, हालांकि वह कामयाब न हो सका था।

उमर बगैर वक्त गंवाए उस छात्र के पास पहुंच गए। उसने न सिर्फ अपनी किताबें उन्हें दीं, बल्कि ऑनलाइन सामग्रियों के बारे में भी काफी कुछ बताया। मगर मोबाइल के लिए उमर को दिवाली तक इंतजार करना पड़ा, ताकि 'फेस्टिवल ऑफर' के तहत कुछ रियायती दर पर मोबाइल लिया जा सके। 'बायोलॉजी' और 'केमिस्ट्री' में तो बहुत परेशानी नहीं आई, मगर 'फिजिक्स' के लिए उमर ने ऑनलाइन कोचिंग की। इसी दौरान 12वीं में आए शानदार 95 प्रतिशत अंकों ने हौसला दिया कि सपने अब पूरे होने को हैं। पूरे हुए भी। नीट-2023 के कामयाब छात्रों में उमर अहमद गनी भी हैं, जिन्होंने अपने पहले प्रयास में ही सफलता हासिल की।

जाहिर है, पुलवामा के आहत मन पर उमर ने अपनी इस सफलता से राहत के फाहे रखे हैं। नीट रिजल्ट के बाद उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगना ही था। मगर उमर की अगली चिंता मेडिकल कॉलेज फीस थी। ऐसे में, उमर की मदद के लिए स्टार्ट-अप 'फिजिक्सवाला' सामने आया। उसने न सिर्फ उन्हें कश्मीर खित्ते में अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया, बल्कि उनकी कॉलेज फीस व खर्च के लिए 10 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। पुलवामा व कश्मीर ही नहीं, पूरे हिन्दुस्तान को उमर गनी पर नाज करना चाहिए।

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# गांव से आई दुनिया में गूंजती आवाज

मोहम्मद रफी, गायक

अमृतसर, लाहौर की वह फिजा ही अलहदा थी, जिसमें प्यार और संगीत का रस-रंग घुला हुआ था। कभी सूफी संत बुल्ले शाह के बोल गूंजते थे, मस्जिद ढा दे, मंदिर ढा दे, ढा दे जो कुछ दिसदा, पर किसी दा दिल न ढावीं, रब दिलान विच वसदा। कभी सूफी वारिस शाह पुकारते थे, सानूं रब्ब ने यार मिला दिता भुल गये पयार अलबेलियां दे...। प्यार और सद्भाव को लालायित वह समाज वाकई अजूबा था। बेशक, एक अच्छा समाज ही बेहतर कवि-लेखक पैदा करता है और फिर उन्हें गाने-सुनने वाले आम लोग भी अच्छे ही निकलकर आते हैं। इस देश में तब अच्छा सुनाने वालों के संगठित समुदाय होते थे, इन समुदायों के मिरासी गायक कुछ न कुछ गाते हुए, मांगते हुए गांवों से गुजरते थे। उन्हीं गांवों में से एक गांव था कोटला सुल्तान सिंह, अमृतसर के पास ही। वहां से भी मिरासी गाते हुए अक्सर गुजरते थे और उनकी नकल करते हुए एक बालक फीकू भी क्या खूब गाता था, सानूं रब्ब ने यार मिला दिता...।

फीकू के परिवार के पास ज्यादा जमीन तो थी नहीं, तो उनका बड़ा परिवार लाहौर आ गया। फीकू अपने भाई के साथ एक सैलून में सेवाएं देने लगे। जितने चाव से बाल काटते थे, उतने ही लगाव से गीत गुनगुनाते थे। गंवई मिरासियों ने हीर-रांझा के प्रेम-विरह को मानो फीकू के दिल और गले में बसा दिया था। मीठी रसभरी मर्दानी आवाज में फेंक भी थी और गूंज भी, सीधे कलेजे में उतर आती थी। उम्र सतरहवें पड़ाव पर थी और निकाह दो साल पहले ही हो गया था। ससुर ने बेटी विदा नहीं की थी कि पहले जंवाई राजा कुछ कमाने लगें, तो गौना कर देंगे। फीकू के पिता का गीत-संगीत में ज्यादा यकीन नहीं था, मगर मरासियों, फकीरों ने ऐसी आदत लगा रखी थी कि फीकू के दिल से गीत फूट पड़ते थे, ठीक वैसे ही, जैसे मरासी कोशिश करते हैं, गांव के एक छोर पर सुर छेड़ दें, तो दूसरे छोर तक सुनाई पड़े।

फीकू एक दिन ऐसे ही गा रहे थे और लाहौर आकाशवाणी के अधिकारी जीवनलाल मट्टू उधर से गुजर रहे थे। वह आवाज सुनकर ठिठक गए, शायद वारिस शाह के हीर की ही पंक्तियां थीं- मिली रांझे नूं हीर ते...। अद्भुत पुकारती जादुई आवाज। जीवनलाल गीत सुनते हुए पास पहुंच गए। लड़का हजामत बनाते हुए क्या गजब गा रहा है! लफ्जों का पोर-पोर करीने से परोसते हुए। आवाज में कैसे उतर रहा है और कैसे फिर चढ़ रहा है। ऐसे तो कोई नहीं गाता। जीवनलाल जी ने पूछ लिया, 'तुम्हारा नाम क्या है?' खुशनुमा चेहरे के साथ जवाब मिला, 'जी, मुझे मोहम्मद रफी कहते हैं।' कुछ और बातचीत हुई, तो जीवनलाल जी ने पूछा, 'क्या रेडियो के लिए गाओगे?' मोहम्मद रफी ने जवाब दिया, 'जी मौका मिला, तो जरूर गाऊंगा।' जीवनलाल जी ने कहा, 'मैं आकाशवाणी में कार्यक्रम अधिकारी हूं, तुम कल आकाशवाणी दफ्तर आ जाओ, एक टेस्ट ले लेते हैं।'

फिर क्या था, दूसरे ही दिन फीकू ने मोहम्मद रफी बनने की ओर कदम बढ़ा दिया। आकाशवाणी में पहली ही स्वर परीक्षा में परीक्षकों ने पास कर दिया। लाहौर आकाशवाणी का दफ्तर तब के कलाकारों बेगम अख्तर, इनायत हुसैन का पसंदीदा ठिकाना था। जीवनलाल मट्टू स्वयं बहुत उम्दा कलाकार थे, उन्होंने भी मोहम्मद रफी को सिखाया और दूसरे गुरुओं-उस्तादों के पास भी भेजा। राग पहाड़ी से भैरवी, बसंत, मल्हार तक रफी की आवाज संवर उठी। मार्च 1943 में रफी रेडियो के लिए गाने लगे और रेडियो पर उनका गायन सुनकर ही उन्हें संगीत निर्देशक श्याम सुंदर ने पंजाबी फिल्म गुल बलोच में गाने का मौका दिया, सोनिए नी, हीरिए नी, तेरी याद ने सताया। इस गीत ने रफी के लिए मुंबई के दरवाजे खोल दिए। वह अगले साल मुंबई पहुंचे और 1945 में हिंदी फिल्मों में उनके गीतों का शानदार सफर शुरू हुआ। लाहौर में कमाई 25 रुपये थी, पर मुंबई में प्रति गीत 500 रुपये मिलने लगे। मुंबई में पांव जम गए।

दिल से बेमिसाल भले इंसान रफी को भारत की आबोहवा से बहुत प्यार था, विभाजन के बाद उन्होंने परिवार को भी मुंबई बुला लिया। नया भारत बनाने में उनकी आवाज का भी बहुत योगदान है। जय रघुनंदन जय सियाराम के साथ ही दुनिया में मेरी आबरू रखना मेरे अल्लाह... को वह ऐसे डूबकर गाते थे कि लोग बोल पड़ते थे, अल्लाह या ईश्वर का अगर कोई घर होगा, तो फरिश्ते ऐसी ही आवाज में गाते होंगे। 24 दिसंबर को जन्मे मोहम्मद रफी (1924-1980) आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उनकी आवाज में हीर का दिल है, तो रांझा की रूह भी। वह आज नहीं हैं, पर उनकी आवाज उनके गांव में ही नहीं, पूरी दुनिया में गूंज रही है, सौ बार जनम लेंगे, सौ बार फना होंगे, ऐ जान-ए-वफा फिर भी, हम तुम न जुदा होंगे।

**प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### दो दिवसीय डे-नाइट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**गरियाबंद।** स्टार युवा बॉलीबॉल क्लब ग्राम कोदोबतर जिला गरियाबंद के तत्वाधान में दिनांक 23.व 24 दिसम्बर दो दिवसीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।गांव में आयोजित दो दिवसीय डे नाइट बॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज दोपहर 12 बजे सरपंच उपसरपंच एवं ग्राम प्रमुख द्वारा फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया ।इस प्रतियोगिता में आसपास के जिलो से आई 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। पहले दिन मुकाबलो में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर तालियां बटोरी ।पहले दिन गरियाबंद बारुका के बीच बेहद रोमांचक मुक़ाबला देखने को मिला जिसमे गरियाबंद की टीम विजेता रही। इस दौरान ग्राम प्रमुख ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत होती रहती है। हार से सबक लेकर जीत की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज युवा खेल में भी अपना कैरियर बना रहे है, खेल प्रेमभावना का प्रतीक हैं। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपना दम दिखाया। स्टार वालिबॉल ग्राम कोदोबतर के अध्यक्ष ने बताया कि रविवार को वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सेमीफइनल और फइनल मुकाबले खेले जायेंगे।

### मिल रहा योजनाओं का लाभ, समस्याओं का हो रहा निदान

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन की निगरानी में जिले में विकसित भारत संकल्प पर यात्रा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर सभी शिविरों पर नजर रखते हुये अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने निर्देशित किया है। विभागीय अधिकारियों से मुखर होकर विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के आयोजन संबंधी जानकारी ले रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन होने से ग्रामीण हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में हितग्राहियों का उत्साह देखने को मिल रहा है। एक ही मंच पर विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। आज जिले के अंतर्गत 8 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहें। शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण रूप से सशक्त बनें पीवीटीजी समूहः मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रधानमंत्री जनमन योजना प्रशासनिक अमला राज्य के विशेष पिछड़ी जनजातियों को पोषण चौपाल के माध्यम से जागरूक कर कर रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पूरा प्रशासनिक अमला विशेष पिछड़ी जनजातियों के पंचायत, बसाहट, टोला पारा एवं घर द्वार तक पहुंच कर बड़ी सरलता एवं आत्मीयता से पोषण चौपाल लगाकर विभिन्न प्रकार के समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत करा रहे हैं।



इस दौरान प्रशासन की तरफ से कड़ी ठंड को देखते हुए पीवीजीटी समूह के सदस्यों को स्वेटर, कंबल सहित खाद्यान्न सामग्री का भी वितरण कर रहे हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले के बगीचा, कुनकुरी और मनोरा क्षेत्र के पीवीजीटी समूहों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए अधिकारियों ने पोषण चौपाल लगाकर पौष्टिक आहार के संबंध में उन्हें जानकारी देकर जागरुक एवं प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर जशपुर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पीएम जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष शिविर का आयोजन बगीचा, मनोरा और कुनकुरी विकासखंड के विशेष जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर क्षेत्र के 94 ग्राम पंचायत के अंतर्गत आश्रित ग्रामों में शिविर एवं बसाहट, टोलापारा, मोहल्ला में सर्वे किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरे राज्य में सर्वे के क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जिले में विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन के लिए शिविर लगाकर समस्याओं से अवगत होने निर्देश दिए हैं ताकि चिन्हांकित सभी पी.वी.टी.जी. समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्ययोजना बनाकर उन्हें लाभ प्रदान कराया जा सके और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बेहतर कार्य योजना के बनाई जा सके। गौरतलब है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

## राज्य स्तरीय पायनियरिंग कम इस्टीमेशन कोर्स का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भारत स्काउट्स गाइड्स छत्तीसगढ राज्य मुख्यालय रायपुर के राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवन लाल चंद्राकर , राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार एवं एवं राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट टीकेएस परिहार, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सरिता पांडे के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय पायनियरिंग कम ऐस्टीमेशन कोर्स 19 से 23 दिसंबर तक शास. उच्च.माध्य. विद्यालय करंजा भिलाई जिला दुर्ग में आयोजित हुआ। इस शिविर के शिविर संचालक अशोक कुमार देशमुख (एलटी रोवर) के दिशा निर्देशन में विभिन्न जिलों से आए हुए कुल 40 प्रतिभागियों ने पांच दिवस तक इस शिविर में स्काउट गाइड के विशेष कोर्स के अंतर्गत पायनियरिंग के विभिन्न सोपान की गांठे, लेसिंग, हिचेस का बहुआयामी उपयोग सीखा। जिसका प्रयोग प्रोजेक्ट देकर पूरे प्रशिक्षणार्थियों को चार समूह में बांट कर प्रायोगिक कार्य में पायनियरिंग प्रोजेक्ट के अंतर्गत पिरामिड टॉवर बनाना, ट्री टॉप हट ,सस्पेंशन ब्रिज, मंकी ब्रिज बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसे प्रशिक्षण लेने आए हुए सभी प्रतिभागियों ने पूरे मेहनत और लगन से दिए गए समय पर यह कार्य पूर्ण किया। इस शिविर में सहायक शिविर संचालक के रूप में फनेंद्र लोधी ए, एलटी, इसाक मोहम्मद खान, प्रेमलता चंद्राकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके साथ-साथ ऐस्टीमेशनअंतर्गत दूरी, ऊंचाई, चौड़ाई, वजन, गहराई, संख्या का विभिन्न विधियां से अनुमान लगाना सिखाया गया। पूरे शिविर में काउंसलर नेहा राजपूत, भीषभदेव साहू, मोरध्वज सप्रे, नेमसिंह साहू, अमिता हरमुख द्वारा शिविर के विभिन्न क्रियाकलापों में समूह का मार्गदर्शन किया। इस शिविर में समस्त प्रशिक्षणार्थियों ने प्राकृतिक आपदा एवं विषम परिस्थितियों से जीवन को किस प्रकार सुरक्षित रखा जा सकता है उन सभी चीजों को सीखा।

इस पांच दिवसीय समापन शिविर में राज्य सचिव कैलाश सोनी,राज्य प्रशिक्षण आयुक्त टी के एस परिहार, प्राचार्य श्रीमती उषा बेदी मुख्यालय आयुक्त हर्षित पांडेय सहायक राज्य संगठन आयुक्त अमित क्षत्री, डीओसी दुर्ग अवधेश विश्वकर्मा करंजा भिलाई शाला के स्टाफ का भी आगमन हुआ।

## क्रिसमस सेलिब्रेशन, सांता की ड्रेस में दिखे बच्चे



श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। मसीही समाज के लोग गा रहे कैरोल गीत, बाजार में जबरदस्त उमंग, गिफ्ट की मांग क्रिसमस सेलीब्रेशन को लेकर बिलासपुर में मसीहीजन तैयारी में जुट गए हैं। पर्व को अब एक दिन भी नहीं बचा है। ईसाई समुदाय के लोगों में जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। वहीं शनिवार को अधिकांश स्कूलों में छोटे बच्चे सांता क्लाज की ड्रेस में नजर आए। चाकलेट बांटकर क्रिसमस की बधाई देते नजर आए।

मसीहीजन अपने दोस्तों व रिश्तेदारों के घर जाकर कैरोल गीत गा रहे हैं। क्रिसमस को लेकर मिखाइल सूना कहते हैं कि क्रिसमस कैरोल से यीशु मसीह के जन्म की खुशी और प्रेम संदेश की लोगों तक आनंददायक भजन और गीतों से पहुंचाया जाता है। यह दिसंबर महीने के पहले सप्ताह से शुरू हो जाता है, जो क्रिसमस तक चलता है। प्रदेशभर में क्रिसमस की तैयारियां शुरू हो गई है। इस क्रिसमस पर भी हम चर्च के लोगों के साथ कैरोल गीतों आया मसीह दुनिया में तू पापियों को बचाने को जैसे गीत गा रहे हैं। गीत के माध्यम से प्रेम का संदेश पहुंचा रहे हैं। लोगों की कुशलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। चर्च के अलावा चर्च से जुड़े लोगों के घर जाकर कैरोल के माध्यम से प्रभु के संदेश को पहुंचाते हैं। वहीं बाजार में भी जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

न्यायधानी की प्रमुख दुकानों में क्रिसमस ट्री, झालर लाइट, कैप समेत अन्य सजावटी सामानों की बिक्री चरम पर है। मसीहा जन्म लेंगे और जश्न का दौर शुरू हो जाएगा। वहीं 25 दिसंबर को क्रिसमस का पर्व चर्च व घरों में मनाया जाएगा।

### घरों में सजा क्रिसमस ट्री

इधर बाजार में जहां क्रिसमस ट्री के साथ स्टार और स्टीकर की मांग काफी है। वहीं चर्चों व घरों में क्रिसमस ट्री सज चुका है। क्रिश्चियन कम्युनिटी स्टार की लड़ी की खरीदारी के साथ स्टिकर को भी पसंद कर रहे हैं। स्टीकर में दाढ़ी लगाए हुए सेंटा क्लाज लोगों को खूब आकर्षित कर रहा हैं। घर की सजावट के लिए ढेरों सामान बाजार में इस समय मौजूद हैं।

## छत्तीसगढ़ में वीर बाल दिवस के पूर्व जोर शोर तैयारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में वीर बाल दिवस को जोर शोर से मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। इसके लिए सभी कलेक्टरों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। वीर बाल दिवस के आयोजन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, पंचायत, उच्च शिक्षा और नगरीय प्रशासन विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

गतिविधियों में एनवायके, एनएसएस, एनसीसी के वालेंटियर्स से मोबिलाईजेशन में सहयोग लेने भी कहा गया है। गुरु



गोबिंद सिंह जी के पुत्रों के सर्वोच्च बलिदान और साहस की स्मृति में पूरे देश के साथ ही छत्तीसगढ़ में भी 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का प्रसारण किया जाएगा। इस अवसर पर संस्कृति मंत्रालय द्वारा बनाई गई ऑडियो-विजुअल की स्क्रीनिंग के साथ ही वीर बाल दिवस पर आधारित डिजिटल प्रदर्शनी का आयोजन होगा और वीर बाल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। वीर बाल दिवस के पूर्व 22 एवं 23 दिसंबर को माई भारत पोर्टल पर किशोर लड़कियों और लड़कों का पंजीकरण और गतिविधियों को पोर्टल में अपलोड कराया गया है। इस दौरान विकसित भारत हेतु शपथ लेने एवं वीर बाल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, प्रतियोगिता में बहादुरी के विषय पर चित्रकला, पठन (सस्वर पाठ), गायन, कविता और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रदेश में वीर बाल दिवस के अवसर पर जिला स्तर, नगर पालिका, वार्ड, ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

## बच्चों के लिए भी हो कोई पीएफए जैसी संस्था

श्रीकंचनपथ




पशुओं के प्रति होने वाली क्रूरता के खिलाफ देश-दुनिया में एक विशाल संगठन खड़ा हो गया है। यह संस्था इतनी विशाल और प्रभावशाली है कि आज सभी फिल्मों और वृत्तचित्रों के आरंभ में यह घोषणा करनी पड़ती है कि फिल्म के निर्माण के दौरान पशुओं के साथ कोई क्रूरता नहीं की गई। सिल्वर स्क्रीन से लेकर ओटीटी तक इस निर्देश का पालन भी खूब किया जाता है। काश! ऐसी कोई घोषणा देश के नौनिहालों के लिए भी की जा सकती। क्रूरता का मतलब हमने बड़ा मोटा-मोटा निकाल रखा है। बच्चों को पीटा नहीं जाना चाहिए। उन्हें फेल नहीं किया जाना चाहिए। डांट-डपट और सजा की बजाय उनकी काउंसलिंग की जानी चाहिए। रही सजा की बात, तो सिस्टम ने इसका प्रबंध अलग से कर रखा है। इसमें बच्चे तो प्रताड़ित होते ही हैं, उनके माता-पिता भी खून का घूंट पीकर रह जाते हैं. स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफइंडिया की ओर से राष्ट्रीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। देश भर के बच्चे ट्रेनों के द्वारा सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा कर प्रतियोगिता स्थल तक पहुंच रहे हैं । आज की तारीख में ट्रेनों की हालत किसी से छिपी नहीं है। पहले एसी का मतलब होता था लक्जरी। पर जब से स्लीपर क्लास को कैटल-क्लास (मवेशी दर्जा) घोषित किया गया है, लोग थर्ड एसी से भी कतराने लगे हैं. अब मारामारी सेकण्ड एसी के लिए ह। ट्रेनों में रिजर्वेशन हासिल कर पाना शेरनी का दूध ढूंढ लाने जैसा काम हो चला है. चलो मान लेते हैं कि फेडरेशन का जोर ट्रेनों पर नहीं चलता। उसके हाथ बंधे हुए हैं पर जिन बच्चों को चुनकर इन खेलों के लिए आमंत्रित किया गया है, उनके ठहरने-खाने का प्रबंध तो अच्छा किया ही जा सकता है। यदि फेडरेशन इतना भी नहीं कर सकता तो उसे मान लेना चाहिए कि वह बस्ती का दूल्हा है जिसके पास सुविधा हो या न हो, वह पूरी बस्ती को दावत देना चाहता है. शालेय राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए दिल्ली गए छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को भारी अव्यवस्था का सामना करना पड़ा। दिल्ली पहुंचे तो पता चला कि उनके लिए भोजन की व्यवस्था ही ऊलजलूल किस्म की है। काफी देर तक तो इसी पर बवाल होता रहा कि कूपन मिलेंगे या खरीदने पड़ेंगे। कूपन की व्यवस्था होने तक बच्चे भूख-प्यास से बिलबिलाते रहे. अगर पशुओं के साथ ऐसी क्रूरता की गई होती तो खबर बन जाती। एफआईआर तक दर्ज हो जाता। पर ये इंसानों के बच्चे हैं. हमने इन्हें योद्धा मान लिया है जो हर तरह की चुनौती का सामना करने के बाद मेडल जीतकर लाएंगे। जैसे-तैसे प्रतियोगिता निपटी तो लौटने की बारी आई। रिजर्वेशन का प्रबंध नहीं था। बच्चे फर्श पर, टायलेट में और दरवाजे के पास बैठकर घर लौटे। एक तरह से उनका भारत दर्शन हो गया। अब उन्हें पता है कि देश की आधी से अधिक आबादी क्या-क्या एडजस्ट करके चलती है।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# विकास का विश्वास लेकर हजारों की संख्या में पहुंचे उत्साहित लोग

## कोने-कोने में पहुंचेगी गारंटी, जरूरतमंदों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले के अभनपुर विकासखंड के ग्राम उकेतरा में शिविर लगाया गया। विभिन्न विभागों ने केंद्रीय योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही हितग्राहियों ने केंद्रीय योजनाओं से मिले लाभ की जानकारी दी। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रचार-प्रचार के साथ-साथ आम लोगों को उनसे लाभान्वित करने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया जा रहा है।







फागू राम सोनवानी ने कहा कि मैं किसान हूं और मुझे केंद्र सरकार की किसान सम्मान निधि योजना से हर साल 6 हजार रुपए राशि मिलती है। योजना से मिली राशि को मैं खेती किसानी में लगाता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह योजना आरंभ की है। इसका मुझे बहुत फायदा मिला है। मैं बहुत खुश हूं इसके लिए मैं सरकार को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूं।

शिविर में आए हितग्राही शोभा राम सोनवानी ने बताया कि मुझे हर महीने निःशुल्क 35 किलो चावल केंद्र सरकार द्वारा मिलता है और मात्र 17 रुपए प्रति किलो की कीमत पर हर महीने शक्कर मिलता है। इसके साथ ही हमे नमक भी बिल्कुल निशुल्क मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस योजना से हम बहुत खुश है और प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करते हैं।

हितग्राही ममता साहू बताती है कि मैं गांव के स्व सहायता समूह में सचिव के पद पर काम करती हूं। मेरे समूह का नाम जय दुर्गा स्व सहायता समूह है। मुझे गांव की दीदियों ने पशु सखी का काम दिया है। मैं लोगों को पशुओं के टीके और स्वास्थ्य के बारे में बताती हूं। जब गांव में पशुपालन विभाग के अधिकारी आते है तो उन्हें ग्रामीणों के घर ले जाकर पशुओं का टीकाकरण भी करवाती हूं। सरकार इसके लिए हमे मानदेय देती है उसके लिए मैं सरकार को धन्यवाद देती हूं। साथ ही मैं मोदी जी का बहुत धन्यवाद देती हूं कि विकसित भारत संकल्प रैली के माध्यम से उन्होंने हमें बहुत सी योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई है।

हितग्राही कमला साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत मुझे गैस सिलेंडर मिला है। मैं पहले चूल्हा में लकड़ी जला कर खाना बनाया करती थी। जिससे मुझे खाना बनाने में बहुत तकलीफ होती थी। मैं बाकी काम नही कर पाती थी। उन्होंने बताया कि गैस में खाना बनाने से समय की भी बचत होती है। इसके लिए मैं सरकार को धन्यवाद देती हूं।

हितग्राही कृष्णा घृतलहरे बताते हैं कि मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वारा गांव में ही पक्का मकान मिल गया। पहले मैं कच्चे मकान में रहता था तो मुझे बहुत तकलीफ होती थी बरसात के दिनों में बहुत परेशानी हो जाती थी लेकिन अब पक्का मकान मिल जाने से बहुत आराम है इस योजना के लिए मैं और मेरा परिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत-बहुत धन्यवाद व्यक्त करना चाहता हूं।

हितग्राही विनीता ने कहा मैं गांव के महिला स्व सहायता समूह में काम करती हूं। जिसके लिए मुझे हर महीने सरकार द्वारा मानदेय मिलता है। जिससे मैं अपने घर में आर्थिक सहयोग कर पाती हूं।

हितग्राही मथुरा बाई कहती है मुझे बीपी की समस्या है जिसकी दवाई मुझे सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर मिलती है। दवाई के लिए मुझे पैसे खर्च नहीं करने पड़ते क्योंकि गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र से मैं दवाई ले लेती हूं और यह मुझे बिल्कुल निशुल्क मिल जाता है इलाज भी निशुल्क होता है इसके लिए मैं केंद्र सरकार का बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं।

## खास खबर...



### सालेम इंग्लिश स्कूल में धूमधाम से मनाया गया एनुअल डे

**रायपुर।** सालेम इंग्लिश स्कूल में एनुअल डे का कार्यक्रम बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ क्वायर ग्रुप के स्वागत गीत से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बृजमोहन अग्रवाल विधायक दक्षिण रायपुर छत्तीसगढ़ जिन्होन अपने शब्दों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के प्रारंभ में छत्तीसगढ़ी स्वागत नृत्य कक्षा 12वीं के बच्चों के द्वारा शाला की शिक्षिका आकांक्षा नंद के निर्देशन में प्रस्तुति किया गया। तथा क्लासिक नृत्य कक्षा आठवीं के बच्चों के द्वारा शाला की शिक्षिका मधुमसी के निर्देश में प्रस्तुति किया गया आगे की कड़ी में नर्सरी एव पी पी वन के नन्हे बच्चों के द्वारा मनमोहक फ्यूजन डांस हिंदी एवम इंग्लिश में प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के बच्चे ने बड़े ही जोश के साथ अपने कला का प्रदर्शन किया तथा शाला ग्राउंड में बैठे मान्नीय पालको का मन मोह लिया। नितिन लॉरेंस सचिव, डायसीस ऑफ छत्तीसगढ़ वाइज चेयरमैन, सीडीबीई तथा जयदीप रॉबिन्सन के सचिव सीडीबीई तथा अजय जॉन ट्रेसरर आर सीडीबीई तथा जॉन राजेश पॉल प्रवक्ता छत्तीसगढ़ डायसिस एव पुरंदर मिश्रा विधायक रायपुर उत्तर एवम ओपी चौधरी उपसथित थे। तथा डॉ रमन सिंह ने शाला के बच्चों को अपनी शुभ कामनाएं दी हैं। शाला की प्राचार्या रूपिका लॉरेंस ने बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना।

### विधायक को बताईं समस्याएं

**रायपुर।** छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला सारंगढ बिलाईगढ़ द्वारा बिलाईगढ़ विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक कविता प्राण लहरे को जिला सारंगढ बिलाईगढ़ के विभिन्न शिक्षक के समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही बिलाईगढ़ विकासखंड मुख्यालय में फेडरेशन द्वारा एक शिक्षक भवन का मांग पत्र दिया गया। जिसमें विधायक द्वारा अतिशीघ्र भवन बनवाने की बात कही। प्रमुख रूप से छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला संयोजक प्राण लहरे, जिला अध्यक्ष कार्य मनीष डड़सेना, आदि मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ में आने वाली हवा की दिशा बदली, तेजी से गिरेगा पारा और बढ़ेगी ठंड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में ठिठुरन में बढ़ोतरी हुई है और आउटर व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही शहरी सीमा में भी ठंड बढ़ गई है। इसके चलते अब दोपहर में भी गर्म कपड़ों की आवश्यकता पड़ने लगी है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में मौसम का मिजाज थोड़ा बदलने वाला है और इसके प्रभाव से रविवार को न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। हवा की दिशा बदलने से सोमवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू होगी और ठंड भी थोड़ी और बढ़ेगी।



शनिवार को प्रदेश भर में नारायणपुर सबसे ठंडा रहा, एडब्ल्यूएस नारायणपुर का न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दुर्ग को छोड़ प्रदेश के अधिकांश स्थानों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि दिसंबर के आखिरी दिनों में तो ठंड और ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रविवार को हवा की दिशा बदलेगी, इसके चलते प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। अगले पांच दिनों में मौसम शुष्क रहेगा।

# कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से की मुलाकात

### कर्मचारियों एवं पेंशनरों के हितों पर चर्चा की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भारतीय मजदूर संघ के सहयोगी संगठन राज्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज उनके गृह निवास पर भेंट कर राज्य में नई सरकार के गठन पर प्रसन्नता जताई और उन्हें छत्तीसगढ़ विधानसभा का अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। प्रतिनिधि मंडल ने उन्हे ज्ञापन देकर राज्य सरकार से कर्मचारियों और पेंशनरों संबंधित मामलों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। विधानसभा अध्यक्ष ने इन मामलों पर नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही।



प्रतिनिधि मंडल में राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव, संघ के प्रदेश महामंत्री ए के चेलक, कोषाध्यक्ष टी आर देवांगन, संयुक्त महामंत्री जी आर बसोंने, प्रांतीय सचिव डा विनोद वर्मा, राजपत्रित प्रकोष्ठ के संयोजक ए के सोनी, स्वास्थ्य विभाग के प्रांतीय संयोजक सी आर साहा, जिला रायपुर के अध्यक्ष ओ पी पाल, नागेंद्र सिंह, अशोक घोष, मन्नूलाल भतपहारी, नरेंद्र सोनकर आदि शामिल थे।

# मुख्यमंत्री की पहल से मृतक नरसिंह के परिजनों को मिली राहत

**रायपुर।** रोजगार की तलाश में आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम गए जशपुर निवासी प्रवासी मजदूर की संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई। मृतक के शव को गृहग्राम तक लाने के लिए मृतक के परिजनों द्वारा सहायता मांगे जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर प्रशासन ने पहल की। जानकारी के अनुसार जिले के फरसाबहार ब्लाक के पुरईनबंध निवासी मृतक नरसिंह पैंकरा अपने दो साथियों के साथ रोजगार की तलाश में विशाखापट्टनम गया था। मृतक के साथियों ने बताया कि नरसिंह पैंकरा का शव दो दिन पहले विशाखापट्टनम के अंगोल मे रेल पटरी के बीच में रेल्वे पुलिस ने बरामद किया था। मृतक का शव बरामद होने के बाद उसके साथियों के सामने शव को विशाखापट्टनम से पुरईनबंध लाने की समस्या खड़ी हो गई। ऐसे में मृतक के परिजनों ने सहायता के लिए मुख्यमंत्री साय से गुहार लगाई थी। मुख्यमंत्री साय ने मृतक के शव को अंगोल से पुरईनबंध लाने के लिए वाहन की तत्काल व्यवस्था करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। अंगोल में शव वाहन की व्यवस्था होने पर मृतक का शव गुरुवार को गृहग्राम पुरईनबंध पहुंचा। यहां मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक के स्वजनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के पश्चात उनकी बड़ी समस्या हल हो गई।



# मार्च के प्रथम सप्ताह में शुरू में होंगे पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के एग्जाम

**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं मार्च के प्रथम सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। इससे पहले कोर्स पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। पूरक परीक्षाओं में देरी के कारण कॉलेजों में नियमित पढ़ाइ नहीं हो पाई है, जिसके कारण दिसंबर तक जितने कोर्स की पढ़ाई पूरी हो जानी चाहिए, वह नहीं हो पाई है। वार्षिक परीक्षाओं के लिए आवेदन भी शुरू हो गए हैं।

जिन छात्रों की उपस्थिति कम है, उनकी 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कालेजों को निर्देश दिए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन कालेजों से कितना कोर्स पूरा हुआ, छात्रों की उपस्थिति कितनी है जैसी जानकारी देने के लिए निर्देश दिया गया है।

# सरकार की घोषणा के परिपालन में मुख्य सचिव ने ली अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक

### 100 दिन की कार्य योजना पर काम शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज यहां रायपुर के चिप्स कार्यालय में राज्य सरकार की घोषणा-पत्र के क्रियान्वयन और परिपालन के लिए समयबद्ध कार्य योजना तैयार करने के लिए राज्य शासन के विभागों के भारसाधक सचिवों की बैठक ली। बैठक में घोषणा-पत्र में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार के 100 दिन में किए जाने वालों कार्यों के संबंध में विभागीय अधिकारियों से व्यापक विचार विमर्श किया गया। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य शासन के 100 दिवस में किए जा सकने वाले कार्यों को तय कर समय सीमा में कार्य सुनिश्चित किया जाए।






मुख्य सचिव जैन ने घोषणा-पत्र के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों से त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने बैठक में घोषणा-पत्र के क्रियान्वयन के लिए बजट और नॉन बजट के कार्यों को अद्यतन कर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित इस बैठक में अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास सुब्रत साहू, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणुजी पिल्ले, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, लोक निर्माण उद्योग एवं महिला बाल विकास के सचिव भुवनेश यादव, ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस भारतीदासन, खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# आपके क्रिसमस को खास बना देगी ये स्पेशल बिस्किट केक रेसिपी



## आधे घंटे से भी कम में बनकर हो जाएगा तैयार

इस क्रिसमस केक बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं और समझ नहीं आ रहा कि कम इंग्रेडिएंट्स के साथ बढ़िया केक कैसे बनाएं तो ये खबर आपके लिए है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं बहुत ही टेस्टी और इजी बिस्किट केक की रेसिपी जिसे आप बहुत ही कम सामान के साथ बना सकते हैं। अच्छी बात यह है कि इस केक को बनाने में ज्यादा समय भी नहीं लगता और ज्यादा मेहनत भी नहीं खर्च करनी पड़ती। इसके लिए आपको बिस्किट, कोको पाउडर, दूध और मकई के आटे की जरूरत होगी। क्रिसमस लुक देने के लिए आप इससे ड्राई फ्रूट्स से गार्निश कर सकते हैं। तो देर न करते हुए चलिए आपको बताते हैं होममेड बिस्किट केक की सिंपल रेसिपी।

### होममेड बिस्किट केक बनाने के इंग्रेडिएंट्स

#### 4 सर्विंग्स

2 कप बिस्किट के टुकड़े, 100 ग्राम कोको पाउडर, 1 कप दूध, 2 बड़े चम्मच मकई का आटा।

#### गार्निशिंग के लिए

1 मुट्ठी अखरोट, 1 मुट्ठी बादाम, 1 मुट्ठी चॉकलेट चिप्स।

#### घर का बना बिस्किट केक कैसे बनाएं

- कोको को दूध के साथ गर्म करें। मिश्रण को गाढ़ा करने के लिए दो बड़े चम्मच कॉर्नफ्लोर डालें, जरूरत के मुताबिक चीनी डालें और धीमी आंच पर तब तक गर्म करें जब तक आपको गाढ़ा चॉकलेट सॉस न मिल जाए। इसे ठंडा होने के लिए रख दें।
- एक फ्लैट कंटेनर लें और उसमें अपनी पसंद के बिस्किट का चूरा डालें।
- बिस्किट पर कोको सॉस की एक मोटी परत लगाएं, और कुछ बादाम और अखरोट छिड़कें।
- सॉस पर बिस्कुट की एक और लेयर रखें और इस प्रक्रिया को तब तक दोहराएं जब तक कि चॉकलेट सॉस की आखिरी परत न आ जाए जिसे आप चॉकलेट चिप्स, नट्स या अन्य रंगीन कैंडी या चॉकलेट से सजा सकते हैं।
- 30 मिनट के लिए डीप फ्रीज करें, और आप पूरी तरह से तैयार बिस्किट केक खाने के लिए तैयार हैं।

# वाणी कपूर ने शेयर किया बोल्ड लुक, बैकलेस अवतार से ढाया कहर




बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर अपनी एक्टिंग के साथ-साथ अपने स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक के लिए जानी जाती हैं। इंटरनेट पर वाणी कपूर का ग्लैमरस लुक वायरल रहता है। एक बार फिर उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर धमाल मचा रहा है। वाणी कपूर इससे पहले भी बोल्ड अवतार से सनसनी मचा चुकी हैं लेकिन इस बार का उनका ये बेहद ग्लैमरस हैं।

वाणी कपूर के लेटेस्ट फोटोशूट की बात करें तो वाणी कपूर व्हाइट कलर की बैकलेस ड्रेस में वाणी कपूर बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके इस बोल्ड लुक को काफी पसंद किया जा रहा है। एक्ट्रेस व्हाइट बैकलेस ड्रेस में अपना फिगर फ्लॉन्ट करते हुए नजर आ रही हैं।

वाणी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनका इंस्टाग्राम उनकी बोल्ड और फोटो वीडियो से भरा हुआ हैं। वाणी कपूर अक्सर इंस्टाग्राम लाइव के द्वारा अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। इसके अलावा वह अपने सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में भी फैंस को जानकारी देती हैं।

वाणी कपूर का जन्म 23 अगस्त 1988 को दिल्ली में हुआ था। उनके पिता का दिल्ली में फर्नीचर एक्सपोर्ट का बिजनेस है। वहीं उनकी मां मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के रूप में काम करती हैं। वाणी कपूर की पढ़ाई दिल्ली से ही हुई है।


# अक्किनेनी नागार्जुन ने हनीमून एक्सप्रेस का किया फर्स्ट लुक जारी



हनीमून एक्सप्रेस सामाजिक रूप से प्रासंगिक संदेश के साथ एक नए जमाने की रोमांटिक कॉमेडी है। हनीमून एक्सप्रेस एक अवास्तविक रोमांटिक कॉमेडी है, जो एनआरआई एंटरटेनमेंट्स (यूएसए) द्वारा प्रस्तुत और न्यू रील इंडिया एंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित है। चैतन्य राव और हेबा पटेल मुख्य जोड़ी की भूमिका निभाते हैं। मुख्य भूमिकाओं में तनिकेला भरानी और सुहासिनी अभिनीत, फिल्म बाला राजशेखरूनी द्वारा लिखित और निर्देशित है। हनीमून एक्सप्रेस एक कल्याणी मलिक संगीतमय फिल्म है, जो केकेआर और बाला राज द्वारा निर्मित है। फिल्म का फर्स्ट लुक किंग नागार्जुन ने बिग बॉस तेलुगु 7 के सेट पर स्टार के स्पेशल रूम में जारी किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, नागार्जुन ने कहा कि वह बाला को अन्नपूर्णा कॉलेज ऑफ फिल्म एंड मीडिया के डीन के रूप में कई वर्षों से जानते हैं। किंग नागार्जुन ने यह भी उल्लेख किया कि बाला ने हॉलीवुड फिल्म उद्योग में अपने प्रदर्शन के साथ, अन्नपूर्णा छात्रों और संकाय के साथ अपना व्यावहारिक ज्ञान साझा किया। उन्होंने यह भी कहा, बाला ने इस फिल्म में हमारे फिल्म स्कूल के कई छात्रों और संकाय सदस्यों को पेशेवर काम के अवसर दिए हैं। हनीमून एक्सप्रेस मनोरंजन और एक मजबूत सामाजिक संदेश का एक सुंदर मिश्रण है। कल्याणी मलिक की धुनें काफी रोमांटिक और आकर्षक हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि हनीमून एक्सप्रेस निश्चित रूप से सुपरहिट होगी!

# भगवान हनुमान और रावण के बीच महायुद्ध, दमदार ट्रेलर रिलीज



**एनिमेटेड शो द लीजेंड ऑफ हनुमान के तीसरे सीजन का ट्रेलर जारी किया गया। इसमें भगवान हनुमान और रावण के बीच महायुद्ध देखने को मिलेगा। 2 मिनट 24 सेकंड लंबे ट्रेलर की शुरुआत एक लड़ाई के बीच से होती है, जो यह दर्शाता है कि कैसे भगवान हनुमान और रावण के पास समान शक्ति है और केवल एक चीज जो उन्हें अलग करती है, वह है धार्मिकता।**

इसमें दिखाया गया है कि जब भगवान हनुमान लंकेश से मुकाबला करते हैं तो उन्हें अपनी असली ताकत के बारे में पता चलता है। इसमें कुंभकर्ण को युद्ध के मैदान में उतरते हुए भी दिखाया गया है। शो के बारे में बात करते हुए, लंकेश की आवाज देने वाले शरद केलकर ने कहा, मैं हनुमान के पौराणिक कथाओं के बारे में सुनकर बड़ा हुआ हूं और अब रावण की कहानी का हिस्सा बनना अकल्पनीय रूप से अवास्तविक लगता है।

मेरे बचपन पर इसके प्रभाव ने इस अवसर को और भी खास बना दिया। एक बच्चे के रूप में, मैं हमेशा रावण की अहंकार भरी हंसी की नकल करता था। यह सभी दर्शकों का ध्यान खींच लेगी।उन्होंने आगे कहा, मैं डब के दौरान बार-बार हंसने का अभ्यास करता था, इतना कि मैं अपने आस-पास मौजूद क्रू को चौंकाता था।

मैं डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर दर्शकों के लिए इस नए सीजन में अच्छाई बनाम बुराई की इस रोमांचक कहानी को देखने के लिए उत्साहित हूं क्योंकि वे पौराणिक कथाओं के इस नए अध्याय को उजागर करते हैं। ग्राफिक इंडिया द्वारा निर्मित और शरद देवराजन, जीवन जे। कांग और चारुवी अग्रवाल द्वारा निर्मित, द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन-3 12 जनवरी, 2024 से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा।



# संजना संघी ने धक धक के सीक्वल पर लगाई मुहर, वीडियो साझा कर लिखा ये नोट

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री संजना संघी की फिल्म धक धक को 13 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसमें फातिमा सना शेख, दीया मिर्जा और रत्ना पाठक शाह जैसी अभिनेत्रियां भी अहम भूमिकाओं में नजर आई थीं।बेशक यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी, लेकिन इसकी कहानी को काफी पसंद किया गया था। यही वजह है कि अब संजना ने धक धक की दूसरी किस्त पर मुहर लगा दी है।

संजना ने लिखा, विशेष समाचार: मेरी प्यारी मंजरी (संजना के किरदार का नाम) का दिल जिज्ञासु और आंखें आशा से भरी हैं। वह इस विश्वास के साथ अपनी मासूमियत का आनंद लेती है कि दुनिया भी वैसी ही है। वह मथुरा में अपनी दुनिया में संतुष्ट है, लेकिन दुनिया का अनुभव करने के लिए उत्सुक है। उन्होंने लिखा, आपके साथ साझा करते हुए खुशी हो रही है कि यह यात्रा समाप्त नहीं होती। हम आपके लिए सीक्वल ला रहे हैं।

## आलिया भट्ट की जिगरा का हिस्सा बनीं शोभिता धुलिपाला, निभाएंगी अहम भूमिका

आलिया भट्ट मौजूदा वक्त में अपनी आने वाली फिल्म जिगरा की शूटिंग में व्यस्त हैं। अभिनेत्री इस फिल्म में न सिर्फ मुख्य भूमिका निभा रही हैं, बल्कि धर्मा प्रोडक्शंस के साथ इसका निर्माण भी कर रही हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आ रही है। खबर है कि आलिया के अलावा शोभिता शोभिता धुलिपाला भी जिगरा में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हालांकि, इस खबर की अभिनेत्री की ओर से आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

हाल ही में आलिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट साझा किया था, जिसमें उन्होंने बताया कि शोभिता जिगरा की स्टारकास्ट से जुड़ चुकी हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, आलिया ने कुछ दिन पहले ही इंस्टाग्राम पर शोभिता को फॉलो करना शुरू किया है। फिल्म जिगरा की बात करें तो यह फिल्म 27 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इसका निर्देशन वासन बाला ने किया है।

शोभिता ने साल 2016 में आई फिल्म रमन राघव 2.0 के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था, जिसका निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया था।शोभिता द बॉडी, घोस्ट स्टोरीज और मेजर जैसी हिंदी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा अभिनेत्री कई मलयालम और तेलुगु फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। शोभिता ने 2019 में मेड इन हेवन के जरिए ओटीटी की दुनिया में कदम रखा था। उन्होंने आखिरी बार इसकी दूसरी किस्त में देखा गया था।

# अगर आप भी कागज़ के कप में पीते हैं चाय तो हो जाएं सावधान, जान लीजिए इसके नुकसान



क्या आप भी पेपर कप में चाय पीते हैं, अगर हां तो सावधान हो जाइए, क्योंकि ये सेहत के लिए गंभीर नुकसानदायक है। कैफेज या सड़क किनारे लगने वाला टी स्टॉल पर पेपर कप का इस्तेमाल होता है। बड़ी संख्या में लोग इन कप में चाय पीते हैं। लेकिन कम लोग ही जानते हैं कि इसका इस्तेमाल सेहत को प्रभावित करता है।

## पेपर कप में चाय पीना क्यों नुकसानदायक

ज्यादातर लोग प्लास्टिक के नुकसान से बचने के लिए प्लास्टिक कप की बजाय पेपर कप में चाय पीना पसंद करते हैं। लेकिन वे इस बात से अनजान हैं कि पेपर कप का इस्तेमाल करना भी सेहत के लिए बेहद खतरनाक हो सकता है। दरअसल, पेपर कप को बनाने में प्लास्टिक या मोम से कोटिंग की जाती है। जब पेपर कप में गर्म चीजें डाली जाती हैं तो इसमें मौजूद केमिकल्स पदार्थ इसमें मिल सकता है। जब इसमें चाय का सेवन करते हैं तो इसके टॉक्सिन सीधे तौर पर शरीर में जा सकते हैं।

## पेपर कप में चाय पीने के नुकसान

- पेपर कप में गर्म चीजों का सेवन करने से केमिकल पिघलकर पेट के अंदर जा सकता है। इससे अपच और डायरिया जेसी समस्याएं हो सकती हैं।
- पेपर कप के केमिकल्स शरीर में टॉक्सिन जमा होने की वजह भी बन सकते हैं। जिसकी वजह से शरीर में ये धीमें जहर की तरह असर कर सकती है।
- पेपर कप में गर्म चीजों का सेवन करने से पाचन तंत्र और किडनी पर बुरा असर पड़ सकता है। यह शरीर में टॉक्सिन जमा होने और उसे गंभीर तौर पर नुकसान पहुंचा सकते हैं।
- पेपर कप में पाए जाने वाले केमिकल्स हार्मोन असंतुलन करने और मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकते हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### नि:शुल्क जेईई क्रैश कोर्स संकल्प में प्रारंभ

**जशपुरनगर** । खनिज निधि न्यास से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में आज से 01 जनवरी तक दस दिवसीय आवासीय नि:शुल्क जेईई क्रैश कोर्स प्रारंभ हो गया है। इस कोर्स में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को नि:शुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था के साथ जेईई की तैयारी करायी जा रही है। इस कोर्स में 100 बच्चे सम्मिलित हो रहे है। उल्लेखनीय है कि आगामी जेईई मेन 2023-24 की परीक्षा 24 जनवरी से 1 फरवरी एवं 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2024 के मध्य नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा ली जाएगी। संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दस दिवसीय क्रैश कोर्स के लिए सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यों को इस संबंध में पत्र प्रेषित किया गया था । जिले के अंतर्गत संचालित विभिन्न हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों जिन्होंने जेईई मेन 2023-24 का फार्म भरा है, ऐसे 100 विद्यार्थियों को यह क्रैश कोर्स कराया जा रहा है । आज ज़िले के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों प्रात: 11.00 बजे संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में अपनी उपस्थिति दी । पंजीयन उपरांत विषय शिक्षकों ने कक्षा लेकर कोर्स के बारे में बच्चों को विस्तृत जानकारी दी । संकल्प जशपुर में कई वर्षों से जेईई मेन व एडवांस की तैयारी कराई जा रही है । प्रत्येक वर्ष दर्जनों विद्यार्थी जेईई की परीक्षा क्वालीफाई करते हैं, और देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों मे प्रवेश पाकर अपना भविष्य बना रहे हैं ।

### पीसीसी अध्यक्ष बैज ने कहा: लोकसभा चुनाव के लिये जुट जाये

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस की चार महत्वपूर्ण बैठकें प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में लिया। 7 घंटे से अधिक चली बैठकों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने एक-एक जिला अध्यक्षों, टिकिट से वंचित विधायकों, संयुक्त महासचिव, सचिवों और मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्षों की बातों को विस्तार से सुना तथा सभी ने संकल्प लिया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी को फिर से जिताना है। बैठक को संबोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि परिणाम हमारे खिलाफ आये सरकार चली गयी। पार्टी से कदम से कदम मिलाकर चलना है। लोकसभा चुनाव की तैयारी करना है। राहुल गांधी कन्या से कश्मीर तक पैदल चले कभी हौसला कम नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव हमारे फेवर में रहेगा। नये सिरे से पार्टी को मजबूत करना है। जमीन स्तर के कार्यकर्ताओं की मनोबल बढ़ाना है। लोकसभा चुनाव डटकर मुकाबला करना है। जनता, भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में नहीं। हमें जनता के बीच जाकर सहानुभूति बटोरना है। हमारे पास मुद्दों की कमी नहीं है केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ मुद्दों को उठाना है। बैठक में कांग्रेस संगठन के 138 साल पूर्ण होने पर जिला संगठन मुख्यालय एवं बूथ स्तर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित करने, क्राउडफंडिंग अभियान में सहयोग करने, नागपुर में आयोजित स्थापना दिवस की महारैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने एवं लोकसभा चुनाव की तैयारी करने के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई।

### डबल इंजन की सरकार से छत्तीसगढ़ के विकास में आयेगी तेजी, सीएम साय बोले-

# रुके हुए विकास के काम पूरे होंगे

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार होने से छत्तीसगढ़ के विकास के कामों में तेजी आयेगी। विकास के कई काम पांच सालों से रूके पड़े थे। अब रूके हुए काम पूरे होंगे। सीएम साय ने शनिवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात करने के बाद यह बातें कहीं। इस दौरान राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव और श्री विजय शर्मा भी उनके साथ थे।**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मंत्रीगणों से छत्तीसगढ़ के हितों और विकास को लेकर सार्थक चर्चा हुई है। प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्रीगणों से छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों के संबंध में मार्गदर्शन मिला है।

मुख्यमंत्री साय ने केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को 2485.79 करोड़ की राशि जारी करने व सेंट्रल पूल में 15 लाख मेट्रिक टन उसना चावल लिए जाने की अनुमति देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार से मिली राशि से समाज कल्याण की योजनाओं तथा अधोसंरचना विकास की योजनाओं के वित्तीय पोषण में मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय मंत्रीगणों से मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मोदी की गारंटी पर त्वरित निर्णय लेकर अमल शुरू किए जाने की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जी की घोषणा के अनुरूप सरकार गठन होते ही प्रथम कैबिनेट बैठक में 18 लाख से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, राज्य के किसानों से किये वादे के अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार ने 1 नवंबर 2023 से ही 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान 3100 रुपये की दर से खरीदने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 'राष्ट्रीय सुशासन दिवस के अवसर पर हम राज्य के 13 लाख से अधिक किसानों को दो साल का बकाया धान की बोनस राशि 3716 करोड़ 38 लाख रुपये का भुगतान करने जा रहे है। उन्होंने अनुपूरक बजट में महतारी वंदन योजना, जल जीवन मिशन, कृषक जीवन ज्योति योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि योजनाओं के लिए भी राशि का प्रावधान किए जाने के बारे में भी जानकारी दी।

## वीर बाल दिवस 26 को, प्रधानमंत्री के संदेश का होगा प्रसारण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर ।** देश के साथ छत्तीसगढ़ में भी 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का प्रसारण किया जाएगा। इस अवसर पर संस्कृति मंत्रालय द्वारा बनाई गई ऑडियो-विजुअल की स्क्रीनिंग के साथ ही वीर बाल दिवस पर आधारित डिजिटल प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इस दौरान वीर बाल प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा। गौरतलब है कि वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों के सर्वोच्च बलिदान और साहस की स्मृति में मनाया जाता है।

छत्तीसगढ़ में वीर बाल दिवस को जोर शोर से मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। इसके लिए सभी कलेक्टरों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। वीर बाल दिवस के आयोजन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, पंचायत, उच्च शिक्षा और नगरीय प्रशासन विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है। गतिविधियों में एनवायके, एनएसएस, एनसीसी के वालेंटियर्स से मोबिलाईजेशन में सहयोग लेने भी कहा गया है। प्रदेश में वीर बाल दिवस के अवसर पर जिला स्तर, नगर पालिका, वार्ड, ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं और किशोरों, देश वासियों, महिलाओं में राष्ट्रनिर्माण के लिए योगदान एवं मूल्यों को स्थापित करना और सुदृढ़ बनाना है। इसके लिए गतिविधियों में विशेषकर स्वतंत्रता सेनानियों एवं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से पुरस्कृत पूर्व विजेताओं के अनुभवों को साझा किया जाएगा।

वीर बाल दिवस के पूर्व 22 एवं 23 दिसंबर को माई भारत पोर्टल पर किशोर लड़कियों और लड़कों का पंजीकरण और गतिविधियों को पोर्टल में अपलोड कराया जा रहा है। इस दौरान विकसित भारत हेतु शपथ लेने एवं वीर बाल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है।

## पांच दिन बीएसपी टाउनशिप में बंद रहेगी बिजली, मेंटेनेंस के लिए प्रबंधन ने लिया निर्णय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मेंटेनेंस के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के टाउनशिप में पांच दिन तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। 26 से 30 दिसंबर के बीच अलग अलग तिथियों में अलग अलग सेक्टरों की बिजली बंद कर मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। नगर सेवाएं विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सालाना मेंटेनेंस किया जा रहा है। इसके लिए दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और रखरखाव, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का रखरखाव, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। यह कार्य प्रतिदिन योजनानुसार पूर्ण किये जाते हैं। इस कार्य के तहत टाउनशिप में 26 दिसम्बर 2023 से 30 दिसम्बर 2023 के




मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### इन तिथियों में बंद रहेगी बिजली

26 दिसम्बर 2023 को सेक्टर-7 व 8 के कुछ हिस्से, 27 दिसम्बर 2023 को सेक्टर-5 व इंदिरा प्लेस, 28 दिसम्बर 2023 को सेक्टर-1 तथा सेक्टर- 2 व 6 के कुछ हिस्से, 29 दिसम्बर 2023 को सेक्टर-7 के कुछ हिस्से तथा 30 दिसम्बर 2023 को सेक्टर-6 के कुछ हिस्सों में बिजली बंद रहेगी। इस दौरान 10 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। नगर सेवाएं विभाग के टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने संबंधित क्षेत्र के निवासियों से सहयोग की अपील की है।

# प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी से सपना होगा साकार : सांसद साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का सफर महासमुंद जिले में निरंतर जारी है। आज जिले के महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत अछोली , परसाडीह, गढ़सिवनी , पीढ़ी और पिथोरा के नवागांव कला , भुरकोनी, पिलवापाली, सरायपाली के गोहरापाली, तोरेसिंहा, बागबाहरा के मोंगरपाली स में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' प्रचार रथ के ग्राम में आगमन होने पर महिलाओं तथा ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल में



स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

ग्राम मोंगरापाली और भुरकोनी में महासमुन्द लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी से सबका सपना साकार हो रहा है। आज विकसित भारत यात्रा के माध्यम से जो भी हितग्राही योजना से वंचित हुए हैं उन्हें लाभ देने का एक सुनहरा अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के गठन होते ही 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास मिलेगा। इसी तरह उज्जवला गैस कनेक्शन भी अब आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हम सब विकसित भारत का संकल्प लें और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ ले। उन्होंने शिविर में हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया। उन्होंने अपील किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं। कार्यक्रम में ओ डी एफ प्लस, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, हितग्राही गण एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, हर घर जल-जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित सिकलसेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकार पट्टा, व्यक्तिगत एवं सामूहिक वन धन विकास केन्द्र आदि योजनाओं के हितग्राही संकल्प यात्रा में शामिल होकर अनुभव साझा कर रहे हैं। इस संकल्प यात्रा के दौरान स्वागत, प्रधानमंत्री मोदी का रिकार्डेड संदेश प्रसारण, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों ने अनुभव साझा किए। कृषि गतिविधियां अंतर्गत ड्रोन का प्रदर्शन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसानों से जैविक खेती पर बातचीत की जा रही है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति तक का संवर रहा है जीवन : सुशांत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और सुशासन की बदौलत केंद्रीय योजनाओं का लाभ आज देश के कोने-कोने तक पहुंच रही है। कल्याणकारी योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक का जीवन संवर रहा है। उक्त बाते विकसित भारत संकल्प यात्रा के बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने नागरिकों और हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा। यात्रा के आज आठवें दिन नगर निगम सीमा क्षेत्र में दो शिविरों का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे प्राथमिक शाला बिरकोना और दोपहर 1.30 बजे से कोनी में केंद्रीय विश्वविद्यालय के पास मैदान में आयोजित किया गया जिसमें 6855 लोग शामिल हुए।




बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा की मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के हर शहर हर गांव तक पहुंच रही है। विकास और योजनाओं का लाभ सीमित शहर और कुछ लोगों तक पहुंचने की परंपरा को पीएम नरेंद्र मोदी जी ने खत्म कर साढ़े नौ सालों में हर वर्ग तक मदद, विकास और योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। आवासहीनों को घर,नागरिकों को मुफ्त में इलाज, महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनेक्शन,कोरोना काल में नुकसान उठाने वाले छोटे व्यापारियों को पीएम स्वनिधि के ज़रिए ऊपर उठाने का काम,किसानों को सम्मान निधि,फसल बीमा,देश में स्वच्छता का दीप अगर किसी ने जलाया तो वह मोदी जी की सरकार ने है। आज छ.ग. में भी पीएम नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनहित के कार्यों का श्रीगणेश हो चुका है,कैबिनेट की पहली बैठक में ही राज्य के 18 लाख बेघर लोगों को आवास का निर्णय लिया गया है अब हम दो साला का बकाया बोनस और 3100 रूपये क्विंटल में धान खरीदने जा रहे हैं। मोदी जी की हर गारंटी पूरी हो रही है।

शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 237, आयुष्मान कार्ड के लिए 815 आधार कार्ड के लिए 270 प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लिए 620,पीएम आवास के लिए 1417 पीएम विश्वाकर्मा 200 और 1782 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित 28 हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना अनुभव साझा किया।

शिविर में विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान भारत, नल-जल मिशन, पीएम आवास योजना, स्टार्टप योजना, मुद्रा लोन योजना, पीएम स्वनिधि योजना जैसी केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी दी गई व लाभ लेने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराई गई। शिविर में आए हितग्राहियों ने बताया कि यहां आने से उन्हे शासन की बहुत सी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी मिली है, जिसका लाभ अब उन्हे मिलेगा।

उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन पाने वाली बिरकोना नगर अंजली निर्मलकर और ममता सूर्यवंशी ने बताया कि पहले वे चूल्हे में खाना बनाती थी, जिससे निकलने वाले धुएं से उन्हे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ता था। शिविर में आकर समस्त दस्तावेज जमा करने पर उन्हे तुरन्त उज्जवला गैस का कनेक्शन मिल गया। अब उन्हे खाना बनाने में आसानी होगी। वहीं सड़क पर व्यवसाय करने वाले कोनी के गजानंद मराठा और बिरकोना के दिलीप साहू को पीएम स्वनिधि के तहत वित्तीय सहायता मिलने पर उन्होंने बताया की कोरोना के बाद से उनका व्यापार ठप्प पड़ गया है,इस सहायता से उन्हें व्यापार को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से मिला सुंदर आशियाना

**रायपुर ।** प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए गरीबों, पिछड़ों और महिला मुखिया परिवारों के लिए प्राथमिकता से आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। नारायणपुर जिले के ग्राम पंचायत टिमनार की निवासी श्रीमती टेटकी यादव प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठाकर सपरिवार अपने स्वयं के आवास में हंसी खुशी से रह रही हैं।

श्रीमती टेटकी यादव ने बताया कि वे खेती किसानी करती हैं, उनकी आय कम होने के कारण कच्चे मकान में रहना पड़ता था, उस घर में बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। पूरे परिवार का सपना था की एक पक्का घर बना पाएं, जहां सपरिवार बिना किसी परेशानी के रह सके। प्रधानमंत्री आवास योजना उनके जीवन में वरदान बनकर आई, जिसकी सहायता से उनका पक्का घर बनाने का सपना पूरा हो पाया। श्रीमती यादव ने बताया कि बहुत दिनों से वे अपना स्वयं का मकान बनाने की सोच रहे थे, लेकिन आर्थिक परेशानियों की वजह से मकान निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं कर पा रहे थे। पहले सीट, खपरैल वाले कच्चे मकान में अपने परिवार के साथ गुजर-बसर करते थे। कच्चे मकान में बरसात के दिनों में बहुत परेशानी होती थी, छप्पर से टपकता पानी, दीवार में सीलन से परेशानियों का सामना करना पड़ता था। श्रीमती यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज जमा करने के पश्चात उन्हें आवास की स्वीकृति मिल गई।

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan


ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### छत्तीसगढ़ में तेज हुआ नक्सली अभियान, बीजापुर में डीआरजी और महिला कमांडो ने ध्वस्त किया नक्सली स्मारक

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने के बाद नक्सली अभियान में तेजी देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में बीजापुर जिले में नक्सलियों के मांद में घुसकर जवानों ने नक्सलियों को मात देते हुए उनके द्वारा जंगल में बनाये गए नक्सली स्मारक को ध्वस्त कर दिया हैं। डीआरजी और महिला कमांडो ने संयुक्त रूप से इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

बीजापुर पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को गंगालूर थाना क्षेत्र के डुमरीपालनार में स्थापित कैम्प से डीआरजी बीजापुर, महिला कमांडो व डीआरजी दंतेवाड़ा की संयुक्त टीम नक्सली विरोधी अभियान पर निकली थी। नक्सलियों ने डुमरीपालनार के जंगल में करीब 30 फीट ऊंचा नक्सली स्मारक बना रखा था। जिसे अभियान पर निकले जवानों की संयुक्त टीम ने ध्वस्त कर दिया। इससे पहले भी नक्सलियों के एक स्मारक को कुछ दिन पहले ही ध्वस्त किया गया था।

### कैंची मारकर युवक की हत्या, पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल



**रायपुर।** पुराने विवाद को लेकर दो दिन पहले न्यू राजेंद्रनगर इलाके की फल मंडी के पास पुराना राजेंद्रनगर निवासी राहुल टंडन की कैंची मारकर हत्या करने वाले लक्की नेताम और आशीष चंदेल को पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि 15 दिन पहले मोहल्ले में राहुल के साथ उनका विवाद हुआ था। इसी दौरान दोनों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी थी। वहीं गुरुवार की रात में उसे अकेला पाकर कैंची से हमला कर फरार हो गए थे। पुलिस के मुताबिक 21 दिसंबर की रात नौ बजे राहुल घर से खाना खाकर मोहल्ले में आयोजित जयंती कार्यक्रम के मौके पर बैनर-पोस्टर लगाने के लिए निकला था। दूसरे दिन सुबह उसके पिता शशिभूषण टंडन के मोबाइल पर राहुल के नंबर से काल आया। कॉल करने वाले ने बताया कि उसे फल मंडी के पीछे अभियंता भवन के पास मोबाइल पड़ा मिला है। पास में ही एक युवक खून से लथपथ मृत हालत में पड़ा हुआ है। उसके सिर पर गहरी चोट के निशान हैं। शशिभूषण ने मौके पर पहुंचकर देखा फिर पुलिस को घटना की जानकारी दी।

पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर शुक्रवार की देर शाम आरोपी लक्की नेताम (21) और आशीष चंदेल (21) को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से हत्या में इस्तेमाल कैंची और दोपहिया वाहन बरामद कर लिया है।

# बच्चों के झगड़े में भिड़े युवक, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

## कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला, दोनों पक्षों ने दर्ज कराई शिकायत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** कोतवाली क्षेत्र के शिव टाकिज चौक के पास बच्चों के बीच हुए झगड़े के बाद समझाईश देने पहुंचे युवक आपस में भिड़ गए। दोनों पक्ष के बीच चौक पर ही मारपीट होने लगी। इसका किसी ने वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया में वायरल कर दिया। बीच चौक पर हुए मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई। मामले की जांच के बाद पुलिस ने दोनों पक्ष की शिकायत पर जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। आरोपित युवकों को न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल कराया गया है।




कोतवाली सीएसपी पूजा कुमार ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर शिव टाकिज के पास बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान वहां पर मौजूद अभय चौहान बच्चों को समझाने गया। इसी बीच वहां पर करबला चौक के पास रहने वाला साहिल खान और उसके दोस्त आ गए। युवकों ने अभय और उसके साथियों से विवाद किया। इसके बाद दोनों पक्ष मारपीट पर उतारू हो गए। चौक पर मारपीट का किसी ने वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। इंटरनेट से मिले वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच की। वीडियो के आधार पर पुलिस ने मारपीट करने वालों की पहचान कर थाने लाया। यहां पूछताछ के बाद दोनों पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, दोनों पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर युवकों को जेल दाखिल कराया है।

इस मामले में पुलिस ने विवेक खटिक (23) निवासी टिकरापारा खटिक मोहल्ला, साहिल खान (19) निवासी करबला चौक, विशाल खटिक (21) निवासी टिकरापारा डीपी कालेज के पास, लक्की यादव (20) निवासी करबला कुम्हारपारा, अमन उर्फ छोटुदास मानिकपुरी (20) निवासी शिव टाकिज चौक गली, संजय दास मानिकपुरी (22) निवासी कंस्ट्रक्शन कालोनी तारबाहर, इमरान खान (22) निवासी गोविंद नगर सिरगिट्टी, अंकुश यादव (18) टिकरापारा, अभय चौहान (19) निवासी रेल्वे कालोनी दुर्गा पंडाल के पास को पकड़ा है।

### वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान

शहर के व्यस्त चौक में हुई मारपीट की जानकारी के बाद भी कोतवाली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शनिवार की सुबह मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल होने लगा। इसकी जानकारी होने पर अधिकारियों ने कोतवाली थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों के निर्देश के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान की। सभी युवकों को थाने लाया गया। यहां पर दोनों पक्ष के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के साथ ही आरोपी युवकों को कोर्ट तक पैदल लेकर गई।

# कार और माजदा में आमने-सामने से जोरदार टक्कर, घटना में तीन घायल, एक की हालत गंभीर



**जांजगीर चांपा।** जांजगीर चांपा जिले के अकलतरा थाना क्षेत्र के एनएच 49 सड़क में माजदा और कार में आमने सामने जोरदार टक्कर हुई है। हादसे में कार सवार पति- पत्नी और स्कूटी सवार युवती चपेट में आने से घायल हो गये हैं। घायलों को जिला अस्पताल जांजगीर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया हैं। जहां महिला की हालत गंभीर होने पर बिलासपुर रेफर किया गया है।

मिली जानकारी अनुसार कार में वाशु सीदार 50 वर्ष और स्वीटी सिदार 41 वर्ष दोनों पति पत्नी जांजगीर से बिलासपुर की ओर जा रहे थे। वहीं स्कूटी सवार अकांछा उम्र 25 को बचाने के दौरान अकलतरा की ओर से जा रही माजदा गाड़ी से आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई। जिससे कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है।

तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जिसमें स्वीटी को गंभीर चोट आने पर बिलासपुर रेफर किया गया है। हादसे के बाद माजदा वाहन चालक मौके से फरार है।

# रायपुर में श्मशान घाट के पास नशीली टैबलेट का कारोबार, पुलिस ने डीलर को किया गिरफ्तार



## अवैध रूप से शराब बेचते 2 लोग पकड़ाए

**रायपुर (ए)।** रायपुर की टिकरापारा पुलिस ने श्मशान घाट के पास नशीली टैबलेट का कारोबार करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 320 टैबलेट जब्त की है। वहीं एक अन्य कार्रवाई में मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से शराब बेचते 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

दरअसल, टिकरापारा पुलिस को सूचना मिली थी कि बोरियाखुर्द शमशान घाट के पास में अवैध रूप से शेख अहजर उर्फ विक्की नशीली टेबलेट बेच रहा है। इसके बाद पुलिस टीम ने युवक की घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से 320 टैबलेट जब्त किया गया।

### 27 लीटर शराब के साथ 2 गिरफ्तार

वहीं टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर से सूचना के आधार पर कमल विहार गेट, श्रीराम चौक के पास में अवैध रूप से शराब बेचते साहिल नागरची और टिकेश यादव को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी बोरे में करीब 27 लीटर जो करीब 150 बॉटल देशी शराब रखे हुए थे।

# सूरजपुर के एनएसएस कैंप में छेड़छाड़ः प्रोफेसर ने छात्राओं से की अश्लील हरकत, गिरफ्तार

**सूरजपुर (ए)।** सूरजपुर जिले में पंडित रेवती रमण मिश्र पीजी कॉलेज के प्रोफेसर के खिलाफएनएसएस कैंप के दौरान छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। शनिवार को एनएसयूआई ने छात्राओं के साथ मिलकर कोतवाली थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया। जिसके बाद पुलिस ने प्रोफेसर व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आनंद कुमार पैकरा को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल, महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने पसला गांव में 15 से 21 दिसंबर तक 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया था। जिसमें एनएसएस के 12 छात्रों समेत 35 छात्राएं शामिल हुई थी। आरोप है कि अर्थशास्त्र के प्रोफेसर डॉ. आनंद कुमार पैकरा ने 4 छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी की है।



### छात्राओं को दी धमकी

छात्राओं का आरोप है कि प्रोफेसर ने छात्राओं को धमकी भी दी थी कि परिजनों को कुछ बताने पर उनका परीक्षा परिणाम प्रभावित कर देंगे। घटना की शिकायत करने कोतवाली थाने पहुंची पीड़ित छात्राओं की रिपोर्ट दर्ज करने की सूचना पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सीके चौधरी के कार्यकर्ताओं के साथ थाने में जमकर हंगामा किया।

### प्रोफेसर को छात्राओं ने चप्पलों से पीटा

घटना से आक्रोशित छात्राओं ने कोतवाली पहुंचे आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उसकी चप्पल से पिटाई कर दी। प्रोफेसर के कृत्य से नाराज लोगों ने भी आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने धारा 354 व पास्को एक्ट की धारा 8 के तहत अपराध दर्ज कर प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया है।

### शिकायत की जांच के लिए बनाई टीम

इस मामले में पंडित रेवती रमण कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एचएन दुबे ने बताया कि एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर आनंद पैकरा के खिलाफ चार छात्राओं ने अश्लील हरकत करने की शिकायत की है। महिला प्रोफेसर के नेतृत्व में टीम गठित कर शिकायत की जांच कराई जा रही है। जांच प्रतिवेदन मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**बेमेतरा।** जिले में किशोरी के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। यह मामला नांदघाट थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी मारो का है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस चौकी मारो प्रभारी डीएल सोना ने बताया कि नाबालिग के परिजन ने चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी लड़की को आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर, शादी का प्रलोभन देकर भगा कर ले गया है। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया।




विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी कामदेव पात्रे पिता जमुना प्रसाद पात्रे उम्र 26 वर्ष के कब्जे से पीड़िता को बरामद किया है। आरोपी कामदेव पात्रे द्वारा पीड़िता को नाबालिक होना जानते हुए भी शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां कोर्ट से रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# बीजापुर में आत्मसमर्पित नक्सली की गला रेतकर हत्या, चाचा ने उतारा मौत के घाट, सड़क पर फेंका शव

**बीजापुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक सनसनीखेज हत्या की खबर सामने आ रही है। खबरों के अनुसार चाचा ने अपने भतीजे की गला रेतकर हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक पूर्व में नक्सल संगठन में सक्रिय था। कुछ महीने युवक ने पहले ही आत्मसमर्पण किया था।

यह घटना बीजापुर के मनकेली गांव की है। जानकारी के अनुसार मनकेली गांव का रहने वाला छोटू कुरसम अपने परिचित को सड़क दुर्घटना में घायल होने पर एंबुलेंस गाड़ी लेकर गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान गोरना गांव के समीप छोटू कुरसम के चाचा राजू कुरसम और चार साथियों ने एंबुलेंस को रोककर छोटू कुरसम को अपने साथ ले गये। इसके बाद शनिवार की रात छोटू कुरसम की चाचा राजू कुरसम एवं उनके साथियों ने गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को गोरना गांव के समीप रोड पर फेंककर फरार हो गए। मृतक छोटू कुरसम पूर्व में नक्सल संगठन में सक्रिय था और कुछ महीने पहले ही आत्मसमर्पण किया था।




घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचीं पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है द्य प्रकरण में थाना बीजापुर में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। संदिग्ध आरोपी चाचा राजू कुरसम एवं उनके साथियों का पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। साथ ही पुलिस नक्सल संगठन से आरोपित के संबंध के बारे में भी जांच पड़ताल की जा रही है। इस घटना की पुष्टि बीजापुर पुलिस द्वारा की गई है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई


Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में

All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस

फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल की जयंती, सुशासन दिवस पर विविध कार्यक्रम

**भिलाई।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्देश राज्य शासन द्वारा दिया गया है, जिसके तहत 25 दिसम्बर को अटल उद्यान चौक वार्ड 37 संत रविदास में प्रात: 10 बजे जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता की उपस्थिति में अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया जाएगा। इसी दिवस अटल संध्या का आयोजन कला मंदिर सेक्टर 6 में शाम 5 बजे से कवि सम्मेलन अटल जी की कविता का पाठ, अटल विचार संगोष्ठी, एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के उभरते तथा नामी कवि , प्रबुद्ध जन भाग लेगें। कार्यक्रम निशुल्क होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयुक्त रोहित व्यास ने जोन आयुक्त येशा लहरे, पूजा पिल्ले एवं अजय शुक्ला को जिम्मेदारी सौंपा है।

### अटल की जयंती सुशासन पर होंगे नाना-नानी, दादा-दादी पार्क से संकल्प व सफाई अभियान

**दुर्ग।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 25 दिसम्बर को नाना-नानी दादा-दादी पार्क में प्रात:9 बजे जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता की उपस्थिति में अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन प्रारंभ कर सुशासन स्थापना करने का संकल्प के दौरान विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा निगम के श्रध्देय मोतीलाल वोरा सभागार में शाम 5 बजे से अटल जी की कविता का पाठ,अटल विचार संगोष्ठी,निबंध स्पर्धा आदि का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधयों के अलावा अन्य प्रबुद्ध जन भाग लेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने 25 दिसम्बर दिन सोमवार के सुशासन दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन व क्रियान्वयन हेतु मोहेंद्र साहू उपायुक्त को नोडल अधिकारी एवं दिनेश नेताम कार्यपालन अभियंता को सहायक नोडल अधिकारी सहित अधिकारियों/कर्मचारी को जिम्मेदारी सौंपी है।कार्यक्रम के दौरान सुशासन दिवस साफ-सफाई की एवं देश एवं प्रदेश को स्वच्छ बनाये रखने का संदेश सुशासन दिवस पर दिया जाएगा।

### मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

भिलाई। बीएसपी के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2023-2024 के तहत टाउनषिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए विद्युत स्थापना के निवारक रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनषिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और रखरखाव, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का रखरखाव, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। यह कार्य प्रतिदिन योजनानुसार पूर्ण किये जाते हैं।

# गीता जयंती पर माताधाम सेक्टर-7 में हुआ महायज्ञ, जयकारों से गूंजी यज्ञ स्थली

## मां मंकीनम्मा जन कल्याण सेवा समिति व श्रीमद् भगवत गीता प्रचार संघ द्वारा किया गया आध्यात्मिक आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** गीता जयंती के अवसर पर शनिवार को सेक्टर-7 स्थित श्रीश्रीश्री माताधाम परिसर में गीता महायज्ञ का आयोजन किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रीमद् भगवत गीता प्रचार संघ द्वारा मां मंकीनम्मा जन कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में गीता महायज्ञ अनुष्ठान किया। इस आध्यात्मिक आयोजन में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने व्रत रख महायज्ञ में भाग लिया। गीता के जयकारों के साथ महायज्ञ परिसर गूंजता रहा।

मां मंकीनम्मा जन कल्याण सेवा समिति द्वारा इस वर्ष सेक्टर-7 एवेन्यू ए स्थित श्री श्री श्री माताधाम मंदिर परिसर में गीता महायज्ञ का आयोजन किया गया। श्रीमद् भगवत गीता प्रचार संघ सदस्यों द्वारा गीता महायज्ञ को संपन्न किया गया। वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ कुंड में आहूतियां दी गई। इस दौरान व्रती महिलाओं ने पूरी निष्ठा के साथ यज्ञ में भाग लिया।

सुबह 6 बजे से आयोजन की शुरुआत हुई जो कि रात 7 बजे तक चलती रही। गीता महायज्ञ के साथ ही विधिवत पूजा अनुष्ठान भी संपन्न कराया गया। गीता महायज्ञ को संपन्न कराने में श्रीमद् भगवत गीता प्रचार संघ एन रुकमांगधरा राव, पी मुरहारी, एन पापा राव, पी त्रिनाद पंडित, बी रामाराव, बी वेंकट राव, एस कृष्णा राव, जी धर्मा राव, पी यादव राव, डी चलपति, वी शेष राव सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा।





### नगर संकीर्तन से हुई महायज्ञ की शुरुआत

गीता महायज्ञ की शुरुआत शनिवार की सुबह 6.00 बजे से 7 बजे तक नगर संकीर्तन हुआ। इसमें श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकाली। इसके मंदिर परिसर में पताका अविष्करण (ध्वजारोहण) किया गया। ध्वजारोहण के बाद यज्ञ स्थल पर कलश स्थापना की गई और उसके बाद महायज्ञ की शुरूआत हुई। श्रीमद् भगवत गीता प्रचार संघ सदस्यों ने श्रद्धालुओं के साथ मिलकर महायज्ञ किया। लगभग 4 घंटों से भी ज्यादा समय तक वेद मंत्रों के साथ महायज्ञ का अनुष्ठान पूरा कराया गया। महायज्ञ के बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा कार्यक्रम समाप्त होने के बाद शाम को 5.00 से 7 बजे तक भजन संकीर्तन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रमुख रूप से मां मंकीनम्मा जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष चन्ना केशवुलू, डॉ. सीएम कोन्डय्या, गणेश कुमार, पीसी गुरवैय्या, ई. आदिनारायण, ए चन्द्रशेखर, सी श्रीनिवास, एन वेंकट, बी सुग्रीव, के. खलैय्या, प्रभाकर राव, एन वारेकोडळ्या, ए आनंद, गणपति राव, राम मोहन राव, एम वेंकट, चंद्रशेखर, एम. मोहन राव आदि का विशेष योगदान रहा।

# अवैध कब्जे को लेकर बीएसपी द्वारा निरंतर की जा रही है सख्त कार्यवाही



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के संपदा न्यायालय के आदेश पर, संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा, ट्रैफिक पुलिस व भिलाई नगर पालिक निगम के साथ मिलकर अवैध कब्जेधारियों तथा सड़क किनारे अवैध रूप से लगे ठेले इत्यादि के विरुद्ध विगत दिनों से अवैध कब्जा हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 23 दिसम्बर 2023 को दोपहर 12.00 बजे, डिक्री आदेश जारी कर इनके बेदखली हेतु, बीएसपी की भूमि/परिसर पर अवैध कब्जाधारियों के विरूध्द विशेष अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत कड़ी कार्यवाही करते हुए, 23 दिसम्बर बीएसपी ओल्ड सोप व मसाला फैक्ट्री, मजार, मौर्या टॉकीज, कैंप-1 भिलाईनगर के पास अवैध कब्जेधारियों को हटाया गया। उक्त परिसर/भूमि के अवैध कब्जाधारियों के बेदखली कार्यवाही, प्रवर्तन अनुभाग की टीम द्वारा, पुलिस बल थाना सुपेला एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में सम्पन्न की गयी। कार्यवाही के दौरान कब्जाधारियों को परिसर से बेदखल कर, परिसर को कब्जे मे लेकर रिक्त अवस्था में सील किया गया। कार्यवाही के दौरान किसी भी प्रकार के सामानों की जप्ती नही बनायी गयी। अवैध कब्जाधारियों ने कब्जा हटाने के दौरान कड़ा विरोध व्यक्त करते हुए धमकी और गली-गलौच की। विदित हो कि बीएसपी भूमि पर किए अवैध कब्जा को हटाने की कार्यवाही, भूमि अनुभाग के सर्वेक्षक द्वारा चिन्हांकन के पश्चात ही की जाती है। इस अभियान में प्रवर्तन अनुभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, निजी सुरक्षा गार्डस (महिला सुरक्षा गार्ड सहित), अतिरिक्त जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा भूमि अनुभाग, दुकान अनुभाग सहित बड़ी संख्या में संयंत्र के अधिकारी व कार्मिक सम्मिलित थे। अवैध कब्जा हटाने के लिए जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर-ट्राली इत्यादि संसाधनों के साथ लगभग 100 लोगों की टीम ने इस कार्यवाही में भाग लिया। प्रवर्तन विभाग द्वारा अवैध कब्जेधारियों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है।

# जेएलएन अस्पताल के नए पार्किंग से बीएसपी के गो ग्रीन अभियान को मिलेगी मजबूती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में, बीएसपी के ''गो ग्रीन'' अभियान को मजबूती प्रदान करते हुए फोर व्हीलर एवं टू व्हीलर के पार्किंग हेतु, नव विकासित किए जाने वाले स्टैंड के निर्माण किया जा रहा है। जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र के सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट (एसजीटीपी) द्वारा, संयंत्र के वेस्ट प्रोडक्ट से निर्मित पेवर ब्लॉक का उपयोग किया जा रहा है।

एक लाख स्क्वायर फिट से भी अधिक एरिया में बनने वाले इस नये पार्किंग स्टैंड के कार्य का शुभारंभ, 23 दिसंबर 2023 को मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार द्वारा किया गया। पार्किंग कार्य का शुभारंभ अंजनी कुमार द्वारा, प्रथम पेवर ब्लॉक लगाकर तथा नारियल फोड़ कर किया गया। इस अवसर पर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार,



महाप्रबंधक दिनेश कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ एस मुखर्जी एवं पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ राजीव कुमार पाल विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में जेएलएन अस्पताल के मेंटेनेंस सर्विसेस के महाप्रबंधक शाहिद अहमद, महाप्रबंधक बलवीर सिंह की टीम सहित चिकित्सकगण, नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।

### नये पार्किंग में 400 से अधिक गाड़ियां खड़ी हो सकेंगी

जेएलएन अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉक्टर एम रविंद्रनाथ ने इस प्रोजेक्ट की विशेषता बताते हुए कहा, कि इस नयी पार्किंग व्यवस्था से जहां मरीजों तथा उनके परिजनों को नई सुविधा प्राप्त होगी, वहीं अस्पताल के विजिटर्स के लिए भी पार्किंग की सुगम व्यवस्था की जा सकेगी। यह पार्किंग बारिश के दिनों में कीचड़ व गंदगी से भी निजात दिलाएगा। पेवर ब्लॉक लगे इस एक लाख स्क्वायर फीट से भी बड़े पार्किंग एरिया में लगभग 400 से अधिक कारें खड़ी की जा सकेंगी।

### पर्यावरण हितैषी पार्किंग की व्यवस्था

शाहिद अहमद ने भिलाई इस्पात संयंत्र के पर्यावरण हितैषी कार्यों को रेखांकित करते हुए बताया कि एमआरडी द्वारा दिए गए सुझाव के अनुरूप, इस नए पार्किंग के विकास में रेत की जगह जीरो से 5 एमएम वाले एलडी स्लैग के चूरे का उपयोग किया जा रहा है। संयंत्र का यह वेस्ट प्रोडक्ट बाजार में विक्रय योग्य नहीं है, अत: इसका प्रयोग पार्किंग हेतु करने से पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी। इस एलडी स्लैग को बिछाने के पश्चात, इसके ऊपर संयंत्र के सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट (एसजीटीपी) द्वारा वेस्ट प्रोडक्ट से बने बेहतरीन क्वालिटी वाले पेवर ब्लॉक का उपयोग किया जा रहा है।

विदित हो कि यह पेवर ब्लॉक तापस दासगुप्ता के मार्गदर्शन तथा एमआरडी टीम के सहयोग से भिलाई इस्पात संयंत्र के आरएमपी वन में स्थित सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट द्वारा, संयंत्र के वेस्ट प्रोडक्ट का उपयोग कर बनाया जा रहा है। यह पेवर ब्लॉक बीएसपी द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की दिशा में उठाया गया एक ठोस पर्यावरण अनुकूल कदम है। इस पार्किंग के लिए उपयोग में लाये जाने वाले डेढ़ लाख पेवर ब्लॉक तथा जमींन को समतल करने हेतु बेस मटेरियल- स्लैग की आपूर्ति एमआरडी विभाग द्वारा की जा रही है। इसके साथ ही इस पार्किंग स्थल पर आवश्यकता के अनुरूप वृक्षारोपण भी किया जाएगा। जिससे अस्पताल प्रबंधन के पर्यावरणीय प्रयासों को एक नई दिशा प्राप्त होगी।

# बीएसपी में आयोजित एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता-2023 का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में 21 से 23 दिसम्बर तक तीन दिवसीय एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता-2023 का समापन समारोह, संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में 23 दिसम्बर 2023 को सम्पन्न हुआ। जिसका आयोजन भिलाई निवास के एमपी हॉल में किया गया।



अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि अनिर्बान दासगुप्ता ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यद्यपि शतरंज को इनडोर खेल की श्रेणी में रखा जाता है, पर साथ ही यह एक बौद्धिक खेल भी है। शतरंज एकाग्रता का खेल है, ऐसी एकाग्रता का प्रयोग हम अपने कार्यक्षेत्र में कर सकते हैं। उन्होंने अपने वक्तव्य में भविष्य में होने वाले खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए बिरादरी को प्रोत्साहित किया और आगे ऐसे अनेक प्रतियोगिताओं के आयोजन करते रहने की उम्मीद की। उक्त अवसर पर कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधक (पर्सनल) संदीप माथुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में बीएसपी शतरंज क्लब और ओए के अध्यक्ष एन के बंछोर, महाप्रबंधक (कार्मिक - नान् वर्क्स एवं खदान) सूरज कुमार सोनी, ओए सचिव परविंदर सिंह, उपमहाप्रबंधक (एससीसीए) एस आर जाखड़ समेत बीएसपी के एससीसीए विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कार्मिकगण उपस्थित थे।

विदित हो कि इस प्रतियोगिता में, भिलाई इस्पात संयंत्र सहित डीएसपी, इस्को, आईएसपी, एसएसपी, आरआईएनएल, आरएसपी, टाटा स्टील प्लांट की कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता शतरंज फैडेरेशन ऑफ इंडिया के नियमानुसार खेली गई और प्रतियोगिता कुल 7 राउंड में संपन्न की गयी। तीन दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता में राउरकेला इस्पात संयंत्र की टीम विजेता रही और टाटा इस्पात संयंत्र उपविजेता रही। भिलाई में अनीस अंसारी और मथलेश बंजारे प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा विभिन्न इस्पात संयंत्रों के शतरंज के निर्णायकों, विजेताओं और खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मनित किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण एस आर जाखड़ ने प्रस्तुत दिया तथा सुप्रियो सेन ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में लगाया विज्ञान मॉडल व आनंद मेला

## विधायक गजेन्द्र यादव ने जिला शिक्षा अधिकारी, पार्षद एवं प्राचार्य के मौजूदगी में दीप प्रज्वलित कर किया वार्षिकोत्सव आनंद मेला का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 23 दीपक नगर, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल दीपक नगर दुर्ग का हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं प्राइमरी मिडिल हायर सेकेंडरी का आनंद मेला एव विज्ञान मॉडल, शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के मुख्यअतिथि शहर के विधायक गजेन्द्र यादव रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, विशिष्ट अतिथि सहायक संचालक अमित घोष, पार्षद श्रीमती मीना सिंह एवं प्राचार्य शेफाली सोनी द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। विधायक गजेन्द्र यादव का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। सभी की गरिमामय उपस्थिति ने बच्चो का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम में सभी पालक भी आमंत्रित थे। सभी अतिथियो एंव पालको ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियो को सहारा। कार्यक्रम के दौरान विधायक गजेंद्र यादव ने व्यजन स्टॉल का भ्रमण कर व्यजनो के स्वाद का आनंद लिया। विज्ञान प्रदर्शनी के मॉडलों को देखकर छात्रो को अभिप्रेरित किया।आज के कार्यक्रम को सफल बनाने मे सभी शिक्षक शिक्षिकाओ एव गैर शिक्षकिय स्टॉफ की भूमिका सराहनीय रही। प्राचार्य श्रीमती शेफाली सोनी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अतिथियो का, शाला परिवार एव पालको का आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950